राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 353
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 15 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





**मुख्य अपडेट** | **पेज 3** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का द्वि-पालीय | **पेज 4** पत्नी और 3 बच्चों की हत्या कर जान दी | **पेज 6** बुमराह ने बनाया रिकार्ड, सबसे ज्यादा बोल्ड आउट करने वाले


## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली ब्लास्ट, नूंह से 2 डॉक्टर गिरफ्तार

**नूंह।** दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके के बाद पुलिस और जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डेरा जमाया हुआ है। आज एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट के आने की भी उम्मीद है। इसी बीच नूंह से 2 डॉक्टरों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, एक डॉक्टर नूंह जिले के सुनहेड़ा गांव का रहने वाला मुस्तकीम है, जबकि दूसरा फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के अहमदवास गांव का मोहम्मद है। मुस्तकीम ने चीन से एमबीबीएस का कोर्स किया था। उसने हाल ही में अल-फलाह यूनिवर्सिटी से इंटर्नशिप पूरी की थी, जबकि मोहम्मद अभी इंटर्नशिप कर रहा है।

### शिमला संजौली मस्जिद में बाहरी मुस्लिमों की एंट्री रोकी

शिमला। हिमाचल की राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद के बाहर शुक्रवार (14 नवंबर) को विवाद की स्थिति बन गई। यहां बाहरी मुस्लिम लोगों को जुमे की नमाज पढ़ने से रोक दिया गया। देवभूमि संघर्ष समिति और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच बहस भी हुई, लेकिन किसी भी बाहरी व्यक्ति को मस्जिद के अंदर नहीं जाने दिया गया। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति संभाल ली। मस्जिद और संजौली बाजार में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। शिमला के स्थानीय मुसलमानों को मस्जिद में जाने की अनुमति दी गई।



## हैप्पी मॉर्निंग

पति बालकनी में खड़ा-खड़ा मस्ती से गा रहा था...
'पंछी बनूं उड़ता फिरूं मस्त गगन में...आज मैं आजाद हूं दुनिया के चमन में...'
रसोई में से बीवी की आवाज आई- घर में ही उड़ो, सामने वाली मायके गई है...!



## शायरी

सब कहाँ कुछ लाला-ओ-गुल में नुमायाँ हो गईं
ख़ाक में क्या सूरतें होंगी कि पिन्हाँ हो गईं

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,562.78
+84.11 (0.100%)
निफ्टी:
25,910.05
+30.90

## मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 11 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 6 : 48
सूर्यास्त शनिवार : 5 : 40

# बिहार चुनाव : एनडीए को 200+ सीटें, महागठबंधन 35 पर सिमटा, जनसुराज का खाता भी नहीं खुला

**पटना।** बिहार चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। 243 में से 200+ सीटों के साथ एनडीए रिकॉर्ड जीत की ओर है। जबकि महागठबंधन के खाते में 35 सीटें आ रही हैं।

एनडीए को 2020 के मुकाबले 75 से ज्यादा सीटों का फायदा हो रहा है, वहीं महागठबंधन को लगभग इतनी ही सीटों का नुकसान हो रहा है। पिछली बार 43 सीटों पर सिमटी जेडीयू की झोली में इस बार 80+ सीटें हैं।

वहीं 89 सीटों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। राजद 24 सीटों पर आगे चल रही है।

बड़े चेहरों में राघोपुर से तेजस्वी यादव करीब 12 हजार वोटों से जीत गए हैं। तेजप्रताप यादव महुआ से चुनाव हार गए हैं। उनकी पार्टी जेजेडी ने हार के बाद फेसबुक पर पोस्ट किया है।

इसमें लिखा है- तेजस्वी फेलस्वी हो गया। आरजेडी को जयचंदों ने खोखला कर दिया। मोदी विश्व के मजबूत नेता हैं। एनडीए को उसकी एकता ने जिताया।

महागठबंधन में राजद के खाते में 26, जबकि कांग्रेस 6 सीटों पर जीत की ओर है। पीके की पार्टी जन सुराज और वीआईपी का खाता भी नहीं खुला है। निर्दलीय समेत अन्य 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं।

रिजल्ट को लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा है बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था।





### मोदी बोले- अब कट्टा सरकार कभी नहीं आने वाली

इस जीत के लिए दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में पीएम का स्वागत किया गया है।

मोदी ने बिहारी स्टाइल में गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा, छठी मइया के नारों से अपने संबोधन की शुरुआत की। कहा, बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया है। बिहार में अब कट्टा और जंगलराज सरकार नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि, इस परिणाम ने नया फॉर्मूला दिया है। ये है महिला और यूथ फॉर्मूला।

### राहुल गांधी का पोस्ट- चुनाव निष्पक्ष नहीं था



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- मैं बिहार के उन करोड़ों मतदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने महागठबंधन पर अपना विश्वास जताया। बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

### काउंटिंग की बड़ी बातें

- एनडीए को पिछले चुनाव से 75 से ज्यादा सीटों का फायदा
- जेडीयू को सबसे ज्यादा बढ़त मिली है, 2020 से 40+ सीट का फायदा
- 28 सीटों पर लड़ रही लोजपा के खाते में 19 सीटें
- लालू यादव के बड़े बेटे और महुआ से जेजेडी प्रत्याशी तेजप्रताप हार गए हैं
- दानापुर से बाहुबली और आरजेडी प्रत्याशी रीतलाल यादव हार गए
- छपरा से भोजपुरी एक्टर और आरजेडी प्रत्याशी खेसारी लाल हारे
- अलीनगर से भोजपुरी सिंगर और भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर ने जीत दर्ज की है

# जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में ब्लास्ट, 6 की मौत

### 27 घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी; दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की जांच हो रही थी



**नौगाम।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में गुरुवार रात करीब 11: 20 बजे बड़ा धमाका हुआ है। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 27 घायल हैं। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी और फोरेंसिक अधिकारी हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है। इलाके में हाई अलर्ट है।

ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आंतकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। यह उस 360 किलो विस्फोटक (अमोनियम नाइट्रेट) का हिस्सा था जिसे जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया था। नई दिल्ली ब्लास्ट के बाद आतंकी मॉड्यूल में गिरफ्तार 8 आतंकियों में शामिल है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था। 10 नवंबर को लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास आई 20 कार में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 13 लोगों की मौत हुई थी।

नौगाम पुलिस स्टेशन में इंटर-स्टेट टेरर मॉड्यूल में पहली एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी आतंकी मॉड्यूल ने दिल्ली ब्लास्ट किया। अक्टूबर में नौगाम के बनपोरा इलाके में पुलिस और सुरक्षाबलों को धमकी देने वाले पोस्टर मिलने के बाद इस मामले की शुरुआत हुई। 19 अक्टूबर को पुलिस ने केस दर्ज किया और एक स्पेशल जांच टीम बनाई।
फिर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन संदिग्ध (आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद) को गिरफ्तार किया। इनपर पहले भी पत्थरबाजी के मामले दर्ज थे। इन्हें पोस्टर चिपकाते हुए देखा गया था।

# दिल्ली ब्लास्ट-हरियाणा के नूंह से खरीदा गया था अमोनियम नाइट्रेट

### इसी से विस्फोटक बनाया गया, दुकानदार भी हिरासत में; आतंकी उमर का घर उड़ाया गया



**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट का कनेक्शन अब हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के पिनगवां क्षेत्र से जुड़ गया है। विस्फोट से जुड़े केस की जांच कर रही दिल्ली की जांचएजेंसी ने खाद विक्रेता दिनेश सिंगला उर्फ डब्बू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

आरोप है कि डब्बू ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मुजम्मिल शकील को बिना रिकॉर्ड अमोनियम नाइट्रेट उपलब्ध करवाया। जबकि उसके पास अमोनियम नाइट्रेट रखने का लाइसेंस नहीं था। बताया गया कि यही अमोनियम नाइट्रेट विस्फोट तैयार करने में इस्तेमाल हुआ। वहीं गुरुवार रात सुरक्षा बलों ने पुलवामा में आतंकी डॉ. उमर नबी के घर को आईईडी ब्लास्ट से उड़ा दिया है। गुरुवार को ही डीएनए मैचिंग के बाद इस बात की पुष्टि हुई है कि कार में उमर ही था। उमर पुलवामा के कोइल इलाके में रहता था। पुलिस उसके माता-पिता और भाईयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। खुफिया एजेंसियों ने खुलासा किया है अब तक गिरफ्तार 8 आतंकियों ने बताया कि वे 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत देशभर में कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था।

### पीसी-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट चेन्नई में क्रैश, पायलट सुरक्षित

**ताम्बरम ।** भारतीय वायुसेना का एक पीसी-7 पिलाटस बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट शनिवार को तमिलनाडु के ताम्बरम के पास रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान क्रैश हो गया। हादसे से पहले पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया। भारतीय वायुसेना ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए गए हैं।

# रतलाम : तेज रफ्तार कार खाई में गिरी 5 लोगों की हुई मौत

### 150 की रफ्तार में थी कार, झपकी आई खाई में जा गिरी



**रतलाम।** रतलाम में एक कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। इनमें 15 साल का बच्चा और 60 साल के बुजुर्ग शामिल हैं। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

एक्सीडेंट रतलाम जिले के रावटी थाना अंतर्गत भीमपुरा गांव के पास माही नदी ब्रिज के पहले हुआ। सुबह करीब साढ़े 7 बजे एमएच 03 ईएल 1388 रजिस्ट्रेशन नंबर की महिंद्रा एक्सयूवी 700 दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी।

पुलिस के मुताबिक, हादसा ड्राइवर को झपकी आने के कारण हुआ। कार सवार चार लोग मुंबई जबकि एक गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है। वे दिल्ली से मुंबई जा रहे थे। सभी शवों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में रखा गया है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर संदीप पाटीदार ने कहा- जिस जगह दुर्घटना हुई, उससे 10 फीट दूर स्पीड गन लगी है। इससे पता लगा है कि गाड़ी की स्पीड करीब 150 किलो मीटर प्रति घंटा थी।

### परिजनों ने की मृतकों की पहचान

गुजरात के वडोदरा से मृतकों के परिजन शाम 4.30 बजे रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इंदौर से भी कुछ लोग पहुंचे। सभी मृतकों की शिनाख्त की। हादसे में रसूल अहमद (71) पिता मोहम्मद इशाक चौधरी निवासी कुर्ला मुंबई, इनका बेटा अब्दुल खालिक (40) पिता गुलाम रसूल, दुर्रेज (39) पिता अजमल कुर्ला मुंबई एवं दानिश (34) पिता मोहम्मद उस्मान निवासी वडोदरा व इनका बेटा मोइद्दीन (9) की मौत हुई है। दुर्रेज गाड़ी चला रहा था।

### यूपी के गोंडा शादी में गए थे

सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। मूल रूप से यूपी के गोंडा के रहने वाले हैं। मृतक रसूल अहमद की बहन की बेटी और बेटे की शादी 8 अक्टूबर को थी। उसी में परिवार गया था। गोंडा से गुरुवार दोपहर परिवार के सदस्य अलग-अलग गाड़ियों में निकले थे। एक गाड़ी के परिवार के सदस्य कानपुर रुक गए थे। बाकी यह लोग वहां से दिल्ली होकर रवाना हो गए थे।

# केदारनाथ में 17.68 लाख लोगों ने फैलाया 2300 टन कचरा

### अब खच्चरों से लाएंगे, नीचे लाने में 25 करोड़ खर्च होंगे; जलाने पर बैन



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम में इस साल रिकॉर्ड 17 लाख 68 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस आस्था के साथ केदारनाथ धाम में 2300 टन कचरे का पहाड़ भी जमा हो गया है। हर यात्री ने औसतन डेढ़ किलो तक कचरा यहां छोड़ा।

पिछले साल की तुलना में करीब 150 ग्राम प्रति यात्री ज्यादा रहा। अब इस कचरे को निस्तारित करने में 25 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आ रहा है, जो इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौजूद शिव धाम के पर्यावरण के लिए नई चुनौती खड़ा कर रहा है।

### केदारनाथ में कचरा जलाने पर बैन

केदारनाथ ऊंचे हिमालयी क्षेत्र में है। यहां न तो कचरा जलाने की अनुमति है, न निपटारे प्लांट लग सकता है। केदारनाथ धाम में इस साल करीब 2300 टन कचरा इकट्ठा हुआ। यह गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम तक फैला था। जिसमें करीब 100 टन प्लास्टिक कचरा था जबकि 2200 टन बाकी कचरा रहा।

यात्रा के दौरान जमा हुआ पूरा कचरा वापस नीचे सोनप्रयाग लाकर निस्तारित करना पड़ता है। यह काम खच्चर करते हैं। हर खच्चर सिर्फ 10 से 12 किलो तक कचरा ला पाता है। एक फेरा कराने का खर्च 1700 रुपए तक आता है। इसलिए केदारनाथ में फैले कचरे को सोनप्रयाग तक पहुंचाने में करीब 25 करोड़ का खर्च हो रहा है।

# हिमाचल में 8 पुलिसकर्मी सस्पेंड, लाइन हाजिर किए

### ईवीएम की सुरक्षा में बरती लापरवाही; औचक निरीक्षण के वक्त ड्यूटी पर नहीं मिले

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा में तैनात 8 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया है। इन पर स्ट्रॉन्ग-रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप है। सस्पेंशन के बाद इन जवानों को लाइन हाजिर किया गया।

इनमें 2 हेड कॉन्स्टेबल और 6 कॉन्स्टेबल शामिल है। इलेक्शन कमीशन ने 2 विधानसभा की हाईकोर्ट में पिटीशन होने की वजह से बिलासपुर कॉलेज और लखनपुर में ईवीएम के लिए स्ट्रॉन्ग रूम बना रखा है। इसलिए, यहां 24 घंटे पुलिस जवानों की ड्यूटी रहती थी, ताकि ईवीएम से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो।

एडिशनल एसपी शिव चौधरी बुधवार रात 11 बजे पहले बिलासपुर कॉलेज पहुंचे। इसके बाद, रात 12 बजे लखनपुर में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचे।

एएसपी ने बताया- बिलासपुर में 5 पुलिस जवान ड्यूटी पर होने चाहिए थे। मगर एक भी ड्यूटी पर नहीं मिला। उन्होंने बताया- लखनपुर में दो होमगार्ड जवान ड्यूटी पर मिले। मगर यहां भी पुलिस के 3 जवान गायब थे।

**किसान आंदोलन**

### 100 से ज्यादा ट्रैक्टर में आग लगाई; किसानों की मांग 3300 टन का भाव नहीं चाहिए

# कर्नाटक के बागलकोट में गन्ना किसानों का आंदोलन हिंसक हुआ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बागलकोट में गन्ना कीमत में इजाफे की मांग कर रहे किसानों का आंदोलन हिंसक हुआ। रबकवी-बनहट्टी तालुक में गोदावरी शुगर फैक्ट्री में गन्ना लदे 100 से ट्रैक्टरों को आग लगाई गई।

एसपी सिद्धार्थ गोयल ने बताया किसानों ने पत्थरबाजी भी की, जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है। कुछ लोग भी घायल हुए हैं। खुद ने हालात काबू किए।।

किसान राज्य की चीनी मिलों से गन्ना की 3500 टन कीमत मांग रहे हैं। जबकि चीनी मिलों के मालिकों ने 3300 टन का भाव दिया है, लेकिन किसान इस कीमत को स्वीकार करने को राजी नहीं हैं। राज्य के कई जिलों में 7 नवंबर से गन्ना किसान बढ़ी हुई कीमत को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।





### आग किसानों ने नहीं लगाई- किसान नेता

किसान नेता सुभाष शिराबुर ने कहा कि आग किसानों ने नहीं लगाई। उनके मुताबिक, फैक्ट्री से जुड़े लोग पुलिस के सामने ही आगजनी कर रहे थे।

हमारे लोग और कुछ पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। पुलिस की गाड़ी पर भी हमला हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को बदनाम करने के लिए फैक्ट्री के अंदर आग लगाई गई।

### तीन तालुकों में बीएनएस की धारा 163 लागू

घटना के बाद बागलकोट के उपायुक्त ने बीएनएसएस-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर दिए। इसके तहत 13 नवंबर रात 8 बजे से 16 नवंबर सुबह 8 बजे तक जमखांडी, मुधोल और रबकवी-बनहट्टी तालुकों में प्रदर्शन, हड़ताल और किसी भी तरह की भीड़ जुटाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

### बेलगावी के किसान 3300 पर माने

बेलगावी के किसान 3300 प्रति टन के सरकारी रेट पर मान गए हैं, लेकिन बागलकोट और हावेरी के किसान अभी भी इसे गुमराह करने वाला बता रहे हैं।

उनका कहना है कि रिकवरी के आधार पर रेट तय करना किसानों के लिए नुकसानदायक है।

बीजेपी और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि सैकड़ों टन गन्ना और लाखों के ट्रैक्टर जलते हुए देखना दिल दहला देने वाला है।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किसानों को मुआवजा देने और ष्टरूसे सीधे बातचीत की मांग की।

# संपादकीय

## मेलघाट में कुपोषण से हुई मौतों का जिम्मेदार कौन?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र में कुपोषण का काला साया फिर से मंडरा रहा है। जून 2025 से नवंबर तक के महज पांच महीनों में शून्य से छह माह की आयु के 65 मासूम शिशुओं की जान कुपोषण के कारण चली गई। यह आंकड़ा न केवल एक संख्यात्मक त्रासदी है, बल्कि व्यवस्था की विफलता का आईना है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पर राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई, इसे भयावह बताते हुए पूछा कि सरकार सो रही है क्या? लेकिन सवाल वही है—इन मौतों का असली जिम्मेदार कौन? क्या यह सिर्फ प्राकृतिक विपदा है या मानवीय लापरवाही का परिणाम?

मेलघाट, अमरावती जिले का यह घने जंगलों से घिरा इलाका, तापी नदी के किनारे बसा एक टाइगर रिजर्व है। यहां गोंड और कोरकू जैसे आदिवासी समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व में जीते आए हैं। लेकिन विकास की रफ्तार इन दूरदराज गांवों से कोसों दूर रह गई है। कुपोषण यहां का पुराना दुश्मन है। 2017 में भी इसी क्षेत्र में 50 से अधिक बच्चों की मौतें हुई थीं, जिसके बाद सरकार ने %मेलघाट कुपोषण मुक्त अभियान% की घोषणा की। फिर 2023 में पोषण पुनर्वास केंद्र खोले गए। लेकिन जमीनी हकीकत? आंकड़े बताते हैं कि ये प्रयास कागजों तक सीमित हैं।

इस संकट की जड़ें गहरी हैं। प्राथमिक रूप से राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार हैं। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वितरण अनियमित है। दूरस्थ गांवों में सड़कें न होने से चिकित्सा सहायता पहुंचना मुश्किल हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता, जिसका असर नवजातों पर पड़ता है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सरकार का रवैया %अत्यंत लापरवाह% है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मेलघाट में 40 प्रतिशत से अधिक बच्चे कुपोषित हैं, जबकि राष्ट्रीय औसत 35 प्रतिशत है। लेकिन केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे पोषण अभियान और आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास योजना) यहां प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पा रही।

केवल सरकार ही क्यों? सामाजिक कारक भी कम जिम्मेदार नहीं। आदिवासी परिवारों में अशिक्षा, जागरूकता की कमी और सांस्कृतिक मान्यताएं पोषण संबंधी सलाह को नजरअंदाज कर देती हैं। महामारी के बाद आर्थिक संकट ने गरीबी को और गहरा किया। जंगलों पर निर्भरता के कारण मौसमी भोजन की कमी हो जाती है। फिर भी, ये बहाने नहीं हो सकते। गैर-सरकारी संगठन जैसे %प्रथम% और %अक्षय पात्र% ने स्थानीय स्तर पर काम किया, लेकिन सरकारी समर्थन के बिना ये बूंदें महासागर नहीं बन सकतीं।

हाईकोर्ट ने सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है और अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित की है। लेकिन अदालती हस्तक्षेप के बिना ही सरकार को जागना चाहिए। जिम्मेदारी तय करने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को तत्काल एक उच्च स्तरीय समिति गठित करनी चाहिए, जो न केवल मौतों की जांच करे, बल्कि दीर्घकालिक समाधान सुझाए—जैसे मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयां, स्थानीय उत्पादों पर आधारित पोषण कार्यक्रम और आदिवासी महिलाओं को प्रशिक्षण। केंद्र सरकार को भी महाराष्ट्र के लिए विशेष पैकेज देना होगा।

ये 65 मौतें सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि एक पीढ़ी का नुकसान हैं। मेलघाट के इन मासूमों की चीखें हमें झकझोर रही हैं। अगर हमने सबक नहीं लिया, तो कल की त्रासदी आज की तरह ही दोहराई जाएगी। जिम्मेदार कौन? हम सब—लेकिन सबसे ज्यादा वह व्यवस्था जो इनकी रक्षा करने का दावा करती है। अब समय है कार्रवाई का, न कि विलाप का।

## घरेलू बजट पर अभी भी दबाव

सरकारी आंकड़े हमेशा सार्वजनिक विमर्श में रहते हैं। राहत और तरक्की के दावे विभिन्न सरकारों के दौर में अकसर सामने आते हैं। टकसाली सत्य यही है कि राहत व तरक्की का जमीनी प्रभाव भी नजर आना चाहिए। मसलन, जिस जनहित की बात की जा रही है, उसका अहसास भी आमजन को होना चाहिए। प्रथम दृष्टया यह राहतकारी माना जाना चाहिए कि देश में खुदरा महंगाई की दर में गिरावट दर्ज की गई है।

बताया जा रहा है कि अक्तूबर में देश की मुद्रास्फीति की दर घटकर 0.25 रह गई है। यह स्थिति साल 2013 के बाद से सबसे कम बताई जा रही है। जाहिर है सरकार ने इसे अपनी बड़ी उपलब्धि माना है। सरकार का दावा है कि मुद्रास्फीति में यह बड़ी गिरावट कीमतों पर मजबूत नियंत्रण और कुशल वित्तीय प्रबंधन को ही दर्शाती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर आम परिवारों के लिये इस राहत का अहसास करना इतना भी आसान नहीं है। दरअसल, मुद्रास्फीति में इस गिरावट में मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कम कीमतों की भूमिका देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती का प्रभाव भी बताया जा रहा है।

जिसके चलते उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आई है। वहीं दूसरी ओर मुद्रास्फीति में यह तीव्र गिरावट पिछले साल की ऊंची कीमतों के आधार प्रभाव को भी दर्शाती है, जो शायद लंबे समय तक न रहे। प्रथम दृष्टया भले ही यह प्रभावशाली लगे, लेकिन कई लोग अभी भी उच्च घरेलू खर्चों का दबाव महसूस कर रहे हैं। दूध, दालों और सब्जियों जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में अभी भी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। जिससे लोगों का पारिवारिक बजट प्रभावित हो रहा है। इसलिए, जहां समग्र मुद्रास्फीति दर में गिरावट आई है, वहीं आम लोगों के लिये व्यावहारिक जीवन यापन की लागत में उसी तरह की गिरावट महसूस नहीं की जा रही है। वैसे देखा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के लिये यह स्थिति राहत और चुनौती दोनों ही लेकर आ रही है।

दरअसल, ध्यान देने योग्य बात यह है कि मुख्य मुद्रास्फीति, जिसमें खाद्य और ईंधन शामिल नहीं हैं, ऊंची बनी हुई है। जो यह भी दर्शाती है कि मूल्य दबाव पूरी तरह से कम नहीं हुआ है। ऐसे में फुटकर मुद्रास्फीति इतनी कम होने के कारण उद्योग जगत की तरफ से दलील दी जा सकती है कि भारतीय रिजर्व बैंक दिसंबर की अपनी बैठक में उधार लेने और खर्च को प्रोत्साहित करने के लिये बैंक ब्याज दरों में कटौती पर विचार करे। लेकिन केंद्रीय बैंक को इस दिशा में सावधान भी रहना होगा।

यदि केंद्रीय बैंक इस दिशा में कोई कदम उठाता है तो मुद्रास्फीति फिर से बढ़ भी सकती है। खासकर, अगर वैश्विक तेल की कीमतों में कोई अप्रत्याशित उछाल आ जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में रुपया कुछ कमजोर होता है। वैसे देखा जाए तो इस दौरान, मुद्रास्फीति में गिरावट का बेहतर ढंग से उपयोग मांग बढ़ाने, आय बढ़ाने और खाद्य कीमतों को स्थिर बनाने में भी किया जा सकता है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी देश में मुद्रास्फीति की कम दर एक छोटी अवधि में विकास को पुनर्जीवित करने में मदद भी कर सकती है। लेकिन इसकी शर्त यही है कि लापरवाही से सरकारी खर्च न बढ़ाया जाए या कोई खराब योजना का क्रियान्वयन न हो। ऐसे में आंकड़े तो दिखा सकते हैं कि कीमतें नियंत्रण में हैं, लेकिन लोगों के अनुभव कुछ और ही कहानी बयां कर सकते हैं। देश में सच्ची प्रगति तभी मानी जा सकती है, जब राहत हर घर तक पहुंचेगी।

लेकिन जरूरत इस बात की है कि राहत सिर्फ सरकारी आकंड़ों में ही नजर न आए। यह भी हकीकत है कि कीमतों का संतुलन मांग व आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जिसकी ओर भी सत्ताधीशों को ध्यान देने की जरूरत होती है। निस्संदेह, ऐसे में खुदरा महंगाई में गिरावट सुखद ही है, लेकिन जरूरत इस बात की भी कि यह राहत आम आदमी को भी महसूस होनी चाहिए।

# निठारी कांड के निर्णय पर उठते सवाल

**अशोक मधुप**





निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुख की बात है कि लंबी जांच के बावजूद निठारी के जघन्य हत्याकांड के असली अपराधी की पहचान कानूनी मानकों के अनुरूप स्थापित नहीं हो पाई। अपराध जघन्य थे और परिवारों की पीड़ा अथाह थी। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा के निठारी हत्याकांड से जुड़े अंतिम लंबित मामले में सुरेंद्र कोली को बरी करते हुए यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस विक्रम नाथ की पीठ ने फैसले में कहा, आपराधिक कानून अनुमान या पूर्वधारणा के आधार पर दोषसिद्धि की अनुमति नहीं देता। खुदाई शुरू होने से पहले घटनास्थल को सुरक्षित नहीं किया गया था, खुलासे को उसी समय दर्ज नहीं किया गया। रिमांड दस्तावेज में विरोधाभासी विवरण थे और कोली को समय पर अदालत की ओर से निर्देशित चिकित्सा जांच के बिना लंबे समय तक हिरासत में रखा गया। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुरेंद्र कोली के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया। अदालत ने माना कि जांच के दौरान कई गंभीर प्रक्रियागत खामियां रहीं, इसके चलते दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद या फांसी नहीं दी जा सकती।

इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के चर्चित निठारी कांड के 12 केस के आरोपी सुरेंद्र कोली और दो केस में फंसी की सजा पाए कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी ने बरी कर दिया है।

न्यायालय ने इन्हें दोष मुक्त तो करार दे दिया, किंतु ये न्याय एक तरफा है। अधूरा है। निठारी कांड तो हुआ है। चर्चित निठारी कांड में निचली अदालत से कोली को एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। निठारी गांव के कोठी डीएस-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो केस में फंसी की सजा हो चुकी है।

अब जब की ये निचली अदालत से फांसी की सजा पाए ये दोनों आरोपी हाईकोर्ट ने बरी कर दिए तो व्यवस्था को यह तो बताना ही होगा कि फिर इस कांड के आरोपी कौन हैं? किसने इस कांड की 19 घटनाओं को अंजाम दिया।

कांड तो हुआ ही है। ये दोनों आरोपी इसलिए बरी हो गए कि इनके विरूद्ध सुबूत नही थे, किंतु पीड़ित परिवार को भी तो न्याय चाहिए। उनके परिवार की युवतियों, बेटियों और बच्चों पर जुल्म करने वाला, उनसे व्यभिचार कर उन्हें काटकर खाने वाला कोई तो होगा? किसी ने तो ये कांड किया होगा? उसे कानून की जद में लाकर सजा कौन दिलाएगा? ये निर्दोष थे तो फिर इनकी कोठी के पास नाले में किसने मारकर इनको डाला?

29 दिसंबर 2006 को उत्तर प्रदेश के नोयडा में मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल मिले। मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली गिरफ्तार किया।

आठ फरवरी 2007 को कोली और पंढेर को 14 दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया। मई 2007 को सीबीआई ने पंढेर को अपनी चार्जशीट में अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। दो माह बाद अदालत की फटकार के बाद सीबीआई ने उसे मामले में सह अभियुक्त बनाया।

13 फरवरी 2009 को विशेष अदालत ने पंढेर और कोली को 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई। ये पहला फैसला था। इसके बाद 11 केस में दोनों को सजा हुई।

पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कम से कम 19 युवा महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था, उनकी हत्या कर दी गई थी और उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। पुलिस ने उस समय कहा था कि ये हत्याएं पंढेर के घर के अंदर हुई थीं, जहां कोली नौकर के तौर पर काम करते थे। पुलिस ने आरोप लगाया कि जिन बच्चों के अवशेष बैग में छिपे हुए पाए गए थे, उन्हें कोली ने मिठाई और चॉकलेट देकर लालच देकर मार डाला था।पुलिस का कहना था कि जांच के दौरान कोली ने नरभक्षण और नेक्रोफिलिया (शवों के साथ संबंध बनाने) की बात कबूल की थी।

बाद में उन्होंने अदालत में अपना कबूलनामा ये कहते हुए वापस ले लिया कि उनसे जबरन ये बयान दिलवाया गया था। सीबीआई ने सुरेंदर कोली और पंढेर के खिलाफ़ 19 मामले दर्ज किए थे। जहां कोली पर हत्या, अपहरण, बलात्कार, सबूतों को मिटाने जैसे आरोप थे तो वहीं पंढेर पर अनैतिक तस्करी का आरोप था। इस मामले की गूंज कई सालों तक देश गूंजती रही थी। लोगों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए थे। स्थानीय लोगों ने उस समय कहा था कि पुलिस इस मामले में इसलिए भी कार्रवाई नहीं कर सकी क्योंकि लापता होने वालों में से अधिकतर गरीब परिवार के थे।

न्यायालय ने निर्णय में ये माना कि आरोपियों के विरूद्ध सबूत नही हैं। न्यायालय ने ये नही कहा कि कांड हुआ ही नही। उसने माना कि कांड तो हुआ।

19 महिलाओं और बच्चियों के कंकाल कोठी डीएस-5 के सामने नाले से मिले। अब प्रश्न यह है कि ये नही तो किसी और ने ये कांड किया है। जिसने कांड किया उसे सजा दिलाने की किसकी जिम्मेदारी है? किंतु लगता है कि न्यायालय ने इस केस के आरोपी के बरी हो जाने के बाद ये केस व्यवस्था की कबाड़ की फाइल में चला जाएगा। 2006 से न्याय की आशा में बैठे पीडित परिवार को रो पीट कर चुप हो बैठना पड़ेगा । इस निर्णय के बाद पीड़ितों के माता पिता और परिवार वालों का दुख और गहरा हो गया। अपनों को खोने वालों ने कहा कि 19 साल बाद भी हम लोगों को न्याय नहीं मिला। निठारी कांड में अपने बच्चों को खोने वाले पैरेंट्स का लगभग एक ही सवाल है कि अगर पंढ़ेर और कोली निर्दोष हैं तो उनके बच्चों को किसने मारा है?

एक बात और हाईकोर्ट ने कहा कि शवों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जांच नही हुई। ये रिपोर्ट मानव तस्करी की और इशारा कर रही थी। दोनों न्यायधीश ने जांच पर नाखुशी जताते हुए ये भी कहा कि जांच बेहद खराब है। सुबूत जुटाने की मौलिक प्रक्रिया का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। जांच एसेंसियों की नाकामी जनता के विश्वास के साथ धोखा है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसियों ने अंग व्यापार के गंभीर पहलुओं की जांच किए बिना एक गरीब नौकर को खलनायक की तरह पेश किया। हाईकोर्ट ने माना कि ऐसी गंभीर चूक के कारण मिलीभगत सहित कई गंभीर निष्कर्ष संभव है। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई सुबूत नही हैं। सुबूत के अभाव में दोनों आरोपियों को लगभग 19 साल जेल में रहना पड़ा। अकारण जेल में बिताए इनके इन सालों के लिए कौन जिम्मेदार है?

इस केस में शुरूआत से ही पुलिस पर आरोप लगते रहते हैं कि वह इस मामले में रूचि नही ले रही।उसीके बाद मामला सीबीआई को गया। अब सीबीआई की जांच पर भी सवाल उठा है तो सीबीआई को अपनी जांच और प्रक्रिया पर भी सोचना और बदलाव करना होगा।

क्योंकि देश में उसका बहुत सम्मान है। प्रत्येक प्रकार के टिपिकल मामले में उसी से जांच कराने की बात आती है। अब उसकी भी जांच ऐसी ही निम्न स्तरीय होगी,तो फिर उसे सोचना तो होगा ही।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3710



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3709 का हल



## लॉफिंग जौक्स

पति (पत्नी से) प्रिये यदि मुझे कुछ हो गया तो तुम क्या दूसरी शादी कर लोगी।

नहीं, कभी नहीं। मैं अपना बचा जीवन अपनी बड़ी बहन के साथ गुजार दूँगी लेकिन दूसरी शादी नहीं करूँगी।

पत्नी (पति से) : लेकिन यदि मुझे कुछ हो गया तो क्या तुम दूसरी शादी कर लोगे।

पति : नहीं, मैं भी तुम्हारी बहन के साथ ही रह लूँगा।

□ □ □

अपने प्रेमी की शिकायत करते हुए शीला ने गीता से कहा- यह रमन का बच्चा आजकल मुझसे फ्लर्ट कर रहा है।

गीता- क्यों क्या किया रमन ने?


शीला- कल शाम जब मैं एक रेस्त्राँ में उससे मिलने गई तो वह बहुत देर बाद आया। कारण पूछने पर कहने लगा- अरे, वो नरेश मुझे जबरदस्ती टॉकिज ले गया था फिल्म दिखाने।

गीता- तो इसमें फ्लर्ट की क्या बात है?

शीला- दरअसल, कल नरेश के साथ टॉकिज तो मैं गई थी।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3710



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगू ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3709

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खु | शी | | शो | | द | श | र | | फ |
| दा | | प | र | ख | | जे | | खा | की |
| ग | द | र | | त | ला | श | | | श |
| वा | | दे | व | र | | ख | ली | फा | |
| ह | व | स | | ना | | न्रा | | गु | म |
| | त्त | | नौ | क | र | | आ | न | |
| गु | | श | ज | | च | र | स | | बा |
| म | स्त | | वा | स | ना | | श | जा | जी |
| ना | | जा | न | स | | सु | | | ग |
| म | शा | ल | | र | फ्ता | र | | ड | र |

## सूडोकू -3710

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू -3709 का हल



## शब्द पहेली - 3710



**बाएँ से दाएँ**

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली -3709 का हल



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का द्वि-पालीय प्रशिक्षण सम्पन्न





**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज गौतमबुद्धनगर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत दो पालियों में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधानसभा 61-नोएडा, 62-दादरी तथा 63-जेवर के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कोऑर्डिनेटर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं मतदाताओं से प्राप्ति की कार्यवाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप इस अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को जोड़ना, एक ही परिवार को एक ही बूथ पर मतदान सुनिश्चित करना, मतदान प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना, शिफ्टिंग प्रक्रिया को सरल कर डुप्लीकेसी समाप्त करना तथा प्रत्येक बूथ और सेक्टर में शत-प्रतिशत मैपिंग सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वह बूथ लेवल अधिकारियों एवं बूथ लेवल एजेंटों का आपस में समन्वय सुनिश्चित करायें, ताकि बूथ लेवल एजेंट द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी का पूर्ण सहयोग किया जा सके। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से कहा यदि उन्हें ऐड्रेस खोजने या अन्य कोई समस्या आती है तो वह राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों इस कार्य में पूरा सहयोग लें, ताकि सुचिता के साथ अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएलओ डोर-टू-डोर सर्वे करें एवं जहां मतदाता उपलब्ध न हों तीन बार अनिवार्य विजिट करें और संबंधित सूचनाएं समय से उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि बीएलओ के सहयोग के लिए ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के कोऑर्डिनेटर, RWA, AOA, क्रेडाई, बिल्डर्स सहित कोटेदार, सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए भी हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेंगे। जिलाधिकारी ने यह भी आश्वस्त किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान समस्त बीएलओ को जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाएगा ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर गौरव और बीएलओ मनीषा की सराहना करते हुए कहा कि जो भी सुपरवाइजर और बीएलओ अपने क्षेत्र में समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करेंगे, उन्हें प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देशों और मार्गदर्शन के पश्चात प्रशिक्षण सत्र में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कोऑर्डिनेटर सहित उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तकनीकी प्रक्रियाओं, गणना प्रपत्रों में प्रविष्टियों, अपलोडिंग प्रक्रिया तथा फॉर्म 6 एवं 8 से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा में पति के बचाव में उतरी पत्नी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-48 में मेकअप स्टूडियो संचालित करने वाली महिला अपने पति के खिलाफ ब्लैकमेल करने वाली मुंबई की एक महिला के खिलाफ खड़ी हो गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी महिला ने उनके पति के आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और उन्हें ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर-39 थाने में एफआईआर दर्ज कराई। सेक्टर-45 स्थित एनआरआई रेजीडेंसी सोसाइटी में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया-16 से 20 अगस्त के बीच मुंबई निवासी नेहा कौसर ने मोबाइल पर कई मैसेज भेजे। इसके अलावा इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक फोटो और मैसेज भी भेजे। फोन पर बात करने पर आरोपी महिला ने गाली-गलौज करते हुए दावा किया कि उनके पति से महिला की शादी हो चुकी है और धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने इस संबंध में पति से बात की, तो पति ने कहा कि कारोबार के सिलसिले में वह अक्सर मुंबई जाते हैं, वहीं वहां उनकी मुलाकात आरोपी महिला से हुई थी। आरोपी महिला ने उनके पति को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर कई बार रुपए ऐंठे हैं। इसके बावजूद वह लगातार ब्लैकमेल कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा में शराब में मिला रहे थे पानी: 3 पर केस, 2 सेल्समैन गिरफ्तार, ठेका सील

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में गुरुवार रात आबकारी विभाग ने नकली तरीके से शराब बेचने का बड़ा खुलासा किया। झाझर रोड स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकान पर छापेमारी के दौरान तीन लोगों पर शराब की बोतलों में पानी मिलाकर बेचने का आरोप लगा। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दुकान मालिक सहित तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। दुकान को अस्थायी रूप से सील भी कर दिया गया है। आबकारी निरीक्षक नामवर सिंह ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुकान में शराब की बोतलों से आधी शराब निकालकर उसमें पानी मिलाया जा रहा है। टीम ने रात में छापा मारा तो कई बोतलों की सील टूटी हुई पाई गईं। आरोप है कि दुकान मालिक अपने सेल्समैनों के साथ मिलकर एक बोतल से दो बोतलें तैयार कर रहा था। इस फर्जीवाड़े से सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा था।

## एडीसीपी ने दनकौर कोतवाली का किया निरीक्षण

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली में शुक्रवार शाम एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया था। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में विभिन्न इकाइयों की कार्यशैली और अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। एडीसीपी ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस और असलाहखाने की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी अभिलेखों को स्वच्छ और व्यवस्थित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए। एडीसीपी ने महिला हेल्प डेस्क एवं साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आने वाली हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और पीड़ितों को तुरंत प्रभावी सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कोतवाली प्रभारी को भी हिदायत दी कि परिसर में आने वाले प्रत्येक आगंतुक से विनम्रता से बातचीत की जाए तथा उनकी समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए थाना क्षेत्र में प्रतिदिन फुट पेट्रोलिंग और सघन चेकिंग अभियान चलाने पर जोर दिया गया।

## ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ की बैठक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में शुक्रवार को किसान एकता संघ की बैठक हुई। यह बैठक संघ के वरिष्ठ सदस्य शब्बीर खान के आवास पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जीतन नागर ने की और संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा जेवर से जिला मुख्यालय तक प्रस्तावित पदयात्रा की रूपरेखा तैयार करना रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि किसान एकता संघ 22 से 25 नवंबर तक किसान-मजदूर अधिकार पैदल यात्रा निकालेगा। यह यात्रा जेवर से शुरू होकर जिला मुख्यालय तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए जोरदार आवाज उठाना है। सोरन प्रधान ने जिले में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताई। उनका कहना था कि कंपनियां स्थानीय युवाओं की उपेक्षा कर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं, जिससे स्थानीय विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा युवाओं को रोजगार, किसानों की समस्याओं और मजदूरों के अधिकारों को लेकर एक बड़ा जनआंदोलन बनेगी। प्रधान ने क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और युवाओं से इस यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में बिक्रम नागर, उम्मेद एडवोकेट, जेपी नागर, पप्पे नागर, दुर्गेश शर्मा, अरुण खटाना, राजेंद्र शर्मा, सल्लन पहलवान और सहदेव चोटीवाला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय महिला महा जनसुनवाई संपन्न

**गौतम बुद्ध नगर।** महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय महिला महा जनसुनवाई का आयोजन स्कूल आफ मैनेजमेंट गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के निर्देशों के क्रम में आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार, ममता कुमारी और डेलिना खोंगडुप ने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, विवाह संबंधी प्रकरण, भरण-पोषण और साइबर क्राइम से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान शिकायत निवारण के साथ-साथ महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्यों की अध्यक्षता में आयोजित महिला सुनवाई के दूसरे दिन आज महिलाओं की 120 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए सभी में यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए समाधान करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण, समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मर्डर मिस्ट्री का खुलासा : नाले में मिली सिर-कटी महिला की लाश का खौफनाक सच आया सामने

### अवैध संबंध, ब्लैकमेल और 'बेटियों से अनैतिक कार्य' की धमकी बनी हत्या की वजह, प्रेमी गिरफ्तार

**नोएडा। वकार सैफी।** थानाक्षेत्र 39 में नाले से एक महिला का सिर और हाथ कटे शव मिलने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेशे ड्राइवर और उसके मृतका से अवैध संबंध थे, मृतका उसे ब्लैकमेल कर रही और उसकी बेटियों से अनैतिक कार्य की धमकी दे रही थी, जिससे आक्रोशित होकर उसने यह हत्या की थी।

### 5,000 कैमरे और 60-70 हज़ार मोबाइल नंबरों का विश्लेषण, लगभग 1,100 वाहनों को किया ट्रैक

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त मे आखिरकार सिर और हाथ कटे महिला के शव का हत्यारा आ ही गया। इस ब्लाइंड का खुलासा करने में पुलिस को लगभग 5,000 कैमरे और 60-70 हज़ार मोबाइल नंबरों का विश्लेषण, लगभग 1,100 वाहनों को ट्रैक किया गया, जिसमें से 44 संदिग्ध वाहनों को %ज़ीरो इन% किया गया। 40 लोगों की टीमें दिल्ली सहित बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मथुरा और अन्य जनपदों में भेजी गईं। शव पर केवल पैर में बिछुए होने का एकमात्र चिन्ह था।



जो कि मृतक की पहचान था. एकमात्र सुराग था, लेकिन घटनास्थल से एक संदिग्ध बस को निकलते हुए देखा गया, जिसने जाँच को मोनू सिंह की ओर मोड़ दिया। और पूछताछ से हत्या का खुलासा हो गया।

यमुना प्रसाद ने बताया कि मोनू सिंह से कि गई पूछताछ जो हत्या कि वजह सामने आई उसके अनुसार मोनू सिंह और मृतका प्रीति यादव की मुलाकात बरौला की एक जीन्स फैक्ट्री में हुई थी, जहाँ मोनू की माँ और प्रीति साथ काम करते थे। इसके बाद दोनों के बीच लगभग ढाई साल तक अनैतिक संबंध रहे। दोनो के बीच उस समय विवाद शुरु हुआ जब प्रीति मोनू पर लगातार शादी करने और 4-5 लाख रुपये देने का दबाव बनाने लगी, जिससे बाद उनके बीच पारिवारिक विवाद बढ़ने लगा था। मोनू के परिवार में दो बेटियाँ और एक बेटा है। विवाद के दौरान, महिला ने मोनू को धमकी दी कि वह उसकी बेटियों से अनैतिक कार्य करवाएगी। मोनू सिंह के अनुसार, इस धमकी से वह अत्यधिक प्रताड़ित हुआ और उसने प्रीति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई।

### पहले बस मे खाया खाना फिर किया झगड़ा

प्रीति को रास्ते से हटाने की योजना बना चुके मोनू ने चापड़ (मीट काटने वाला) खरीदा, उसने प्रीति को अपनी एसी बस (डार्क ग्लासेस वाली) में बैठाया और सीएनजी पेट्रोल पंप के पास रुका। बस के अंदर भोजन के दौरान जब झगड़ा दोबारा शुरू हुआ और महिला ने पुन: बेटियों को लेकर धमकी दी, तो मोनू ने चापड़ से एक झटके में महिला का गला काट दिया और पहचान छुपाने के लिए उसने गला, सिर और दोनों हाथ के पंजे भी काटे और शव के सारे कपड़े एक झोले में भर लिए। उसने शव को नाले में फेंक दिया। बस को गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार कॉलोनी ले गया, जहाँ उसने बाकी शारीरिक अंगों और कपड़ों को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया।

पुलिस ने अपनी पडताल के दौरान घटनास्थल से एक संदिग्ध बस को निकलते हुए देखा गया, जो मोनू चला रहा था। पुलिस ने आरोपी मोनू सिंह को गिरफ्तार कर लिया उसकी निशानदेही हाथ, बाल और कपड़े सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

वाहन और बरामद सामान के फोरेंसिक परीक्षण में मानव रक्त की पुष्टि हुई है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया



**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने माननीय काशीराम आवास सोसाइटी, सेक्टर पाई और सुपरटेक सोसायटी, ग्रेटर नोएडा का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसमें मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला बताया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने बीएलओ के कार्यों की सतत निगरानी पर जोर दिया ताकि गणना प्रपत्रों का वितरण और संकलन समयबद्ध ढंग से पूरा हो सके।

इस दौरान, बूथ लेवल अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अभियान में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सुपरटेक सोसाइटी, ग्रेटर नोएडा में बीएलओ के साथ पांचवें तल तक घर-घर जाकर लोगों से पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने माननीय काशीराम आवास सोसाइटी और सुपरटेक हाइराइज सोसाइटी के नागरिकों से संवाद कर अभियान की जानकारी साझा की।

उन्होंने नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया और कहा, लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी पात्र नागरिक अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# नोएडा में अवैध निर्माण करने पर 18 पर मुकदमा

**16 लोगों को किया नामजद, प्राधिकरण अधिसूचित जमीन पर कब्जा करके निर्माण कर रहे थे**

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में नोएडा प्राधिकरण की अधिगृहीत की जा चुकी भूमि पर कुछ लोग अवैध कब्जा करके निर्माण कर रहे हैं।

प्राधिकरण की ओर से 16 नामजद समेत 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग में तैनात लेखपाल प्रमोद रावत ने पुलिस को बताया कि शाहपुर गोवर्धनपुर गांव में खसरा संख्या 14 से 20 तक भूमि प्राधिकरण द्वारा अधिगृहीत की जा चुकी है।

इस भूमि पर धर्म सिंह, नंद किशोर उर्फ नंदू, वीरेंद्र शर्मा, पवन चौहान, राजू, कुंवरपाल, नरेंद्र, धर्मपाल, सुखपाल, भोपाल, गोपाल, प्रमोद, मनोज, अरुण कुमार, विनय कुमार, महेंद्र व दो अन्य द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्राधिकरण की अनुमति के बिना भूमि पर निर्माण कार्य करने का कई बार विरोध किया गया।

आरोपियों को जब कार्य करने से रोकने का प्रयास किया तो दबंगई दिखाते हुए निर्माण कार्य जारी रखा। यही नहीं आरोपियों ने प्राधिकरण की टीम को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर 16 लोगों को नामजद करते हुए 18 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गेमिंग ऐप से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

### पति-पत्नी सहित 8 गिरफ्तार, 3 महीने से फ्लैट में चला रहे थे धोखाधड़ी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप के नाम पर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पति-पत्नी सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह विनबज़ नामक ऑनलाइन गेमिंग/बेटिंग ऐप के माध्यम से लोगों को झांसा देकर प्रतिदिन 8 से 10 लाख रुपये तक की ठगी कर रहा था।

आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में कूटरचित बैंक पासबुक, चेकबुक, फर्जी एटीएम कार्ड, प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड, 8 लैपटॉप और 56 मोबाइल फोन सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक समूह फ्लैट में बैठकर लैपटॉप और मोबाइल के जरिए ऑनलाइन गेमिंग के बहाने धोखाधड़ी कर रहा है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर गेमिंग विज्ञापन चलाकर लोगों को लुभाते थे। उनके नेटवर्क में लियो नामक एक व्यक्ति लिंक उपलब्ध कराता था, जिसके जरिए लोग उनकी फर्जी वेबसाइट पर पहुंचते थे।

इसके बाद आरोपी गेम खेलने के लिए पैसे जमा कराने के नाम पर धनराशि लेते थे और उनके अकाउंट में काल्पनिक पॉइंट व करेंसी डालते थे। शुरुआत में छोटी राशि जिताकर यूजर को लालच दिया जाता था, ताकि वह दोबारा और अधिक पैसा लगाए। जैसे ही लोग बड़ी रकम लगाते, ऐप में उन्हें लगातार हारने पर मजबूर किया जाता और उनकी पूरी राशि डूबा दी जाती थी। गिरोह फर्जी आईडी के आधार पर बैंक खाते खुलवाता था। इसके लिए वे दूसरों की आईडी का उपयोग करके फर्जी सिम कार्ड खरीदते थे और फिर उसी सिम पर बैंक खाता खुलवाते थे। इन खातों का उपयोग केवल ठगी की रकम मंगाने और आगे ट्रांसफर करने के लिए किया जाता था।

आरोपियों के पास से बरामद सभी सिम कार्ड प्री-एक्टिवेटेड और किसी अन्य के नाम से जारी किए गए मिले हैं। गिरोह एक आईडी पर करीब 3,000 क्लाइंट्स जोड़ लेता था। जिन खातों में 50 हजार रुपये से अधिक जमा हो जाते थे उन्हें तुरंत इनएक्टिव कर दिया जाता ताकि पकड़ में न आएं। पैसे को अलग-अलग खातों में घुमा-फिरा कर वे लियो द्वारा बताये खाते में ट्रांसफर कर देते और एटीएम/डेबिट कार्ड के माध्यम से निकाल लेते।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित सिंह (24), हिमांशु (20), चिराग जैन (21), प्रथम मिश्रा (22) . हर्षित वर्मा, (23), अंश वर्मा (20), नितिन बाबू (22), कीर्ति (23) रूप में हुई है। सभी आरोपी इटावा जिले के रहने वाले हैं और लगभग तीन महीने से नोएडा के इस फ्लैट में बैठकर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन ठगी का खेल चला रहे थे।

# हेरिटेज सिटी के ले आउट विकास मॉडल में होगा संसोधन

### एक्सप्रेस वे के अलाइनमेंट को करेंगे सीधा, मिक्स मॉडल पर होगा निर्माण, मथुरा में होगा निर्णय

**नोएडा।** राया अर्बन सेंटर में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी प्रोजेक्ट के ले आउट , विकास मॉडल और वित्तीय ढांचे में बदलाव किया जाएगा।

इसके लिए जल्द ही मथुरा में एक होगी। इसमें ब्रह्म तीर्थ विकास परिषद, मथुरा जिला प्रशासन और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसी संशोधित प्रस्ताव पर मुहर लगेगी और निर्माण के टेंडर जारी किया जाएगा।

753 एकड़ में हेरिटेज सिटी को विकसित किया जाएगा। इसमें ब्रज की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और स्थापत्य विरासत को वैश्विक स्तर पर दिखाया जाना है। परियोजना का




विस्तृत डीपीआर तैयार की जा चुकी है। लेकिन इसमें कई बदलाव होंगे।

### ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को सीधा बनाया जाएगा

वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को जोड़ने वाले 7 किमी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से जुड़ा है। पहले इसका एलाइन्मेंट घुमावदार था, लेकिन बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए अब इसे सीधा किया जाएगा। यह सड़क NHAI द्वारा बनाया जाएगा। जिसके अनुरूप यीडा को अपने मास्टर प्लान में संशोधन करना पड़ रहा है।

### यीडा अपनाएगा मिक्स मॉडल

करीब 7,200 करोड़ रुपए की इस परियोजना को शुरू में पूरी तरह पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप मोड में विकसित करने का प्रस्ताव था। लेकिन जमीन अधिग्रहण और विकास लागत अधिक होने के चलते यीडा ने अब विकास का मिश्रित मॉडल अपनाया है। इसके तहत प्राधिकरण खुद रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल सेक्टर विकसित करेगा। वहीं कृष्ण हेरिटेज ज़ोन, वेलनेस व मेडिटेशन एरिया, मंदिर, पार्क, ग्रीन कॉरिडोर और यमुना रिवर फ्रंट जैसे थीमेटिक हिस्से निजी भागीदारी के जरिए विकसित किए जाएंगे।

## टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण, लगभग 50 लाभार्थी हुए लाभान्वित

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के कार्यालय सभागार नोएडा में विगत दिवस रहम फाउंडेशन द्वारा टी0बी0 मरीजों के लिए पोषण पोटली वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार रहे। इसके अतिरिक्त रहम फाउंडेशन से धीरज भार्गव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर0 पी0 सिंह, आभास कंसल, राजेश गोयल, अजय चौधरी, अम्बुज पांडेय, ब्रजपाल तथा कमल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 50 टी0बी0 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

# लग्जरी कार दिलाने के नाम पर 75 लाख की ठगी

**ग्रेटर नोएडा में तीन आरोपियों पर केस दर्ज**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में लग्जरी गाड़ियां कम कीमत पर दिलाने के नाम पर 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

पुलिस ने शुक्रवार देर शाम कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुनपुरा गांव निवासी निशांत भड़ाना ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उस्मानपुर गांव के जमील प्रधान ने उन्हें झांसे में लिया। जमील ने शोरूम से नई गाड़ियां 10 से 20 प्रतिशत कम कीमत




पर उपलब्ध कराने का वादा किया था।

निशांत के अनुसार, उन्हें 90 लाख रुपये में लैंड रोवर डिफेंडर गाड़ी दिलाने का आश्वासन दिया गया था। इस दौरान जमील ने अपने दो साथियों, दिल्ली के मुस्तफाबाद निवासी आसिफ अली उर्फ आसू और आरिफ को एक कंपनी का प्रबंध निदेशक (एमडी) बताया। शिकायतकर्ता और उनके रिश्तेदारों ने मिलकर आरोपियों को कुल 75 लाख रुपये का भुगतान किया।

आरोप है कि रुपये देने के बावजूद आरोपियों ने गाड़ियां नहीं दीं। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो 18 सितंबर को आरोपियों ने उन्हें दिल्ली स्थित अपने कार्यालय बुलाया। वहां बाउंसरों से पीड़ितों के साथ मारपीट कराई गई, जिसमें उन्हें चोटें आईं।

इस घटना के बाद पीड़ितों ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ितों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पत्नी और 3 बच्चों की हत्या कर जान दी

## श्रावस्ती में दरवाजा बंद कर सोते वक्त सबका गला घोंटा, खुद फंदे पर लटका

श्रावस्ती। श्रावस्ती में पति ने पहले पत्नी और तीन बच्चों की हत्या की, फिर खुद भी जान दे दी। पत्नी और बच्चों की लाशें बेड पर थीं, जबकि पति का शव फंदे पर लटक रहा था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

सुबह जब पांचों सोकर नहीं उठे, तो घरवाले उन्हें जगाने पहुंचे। दरवाजा खटखटाया पर अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इसके बाद खिड़की से झांककर देखा तो पत्नी और बच्चों की लाश बेड़ पर पड़ी थीं। फिर दरवाजा तोड़कर परिवार वाले अंदर गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पति के शव को फंदे से उतारा। पांचों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पति ने पत्नी और बच्चों को गला घोंटकर मारा है।

परिजनों का कहना है कि युवक पत्नी और बच्चों के साथ मुंबई रहता था। वह बहन की शादी तय करने के लिए 5 दिन पहले ही घर लौटा था। घटना शुक्रवार सुबह की इकौना क्षेत्र के



मनिहारपुरवा गांव की है।

### अब विस्तार से पढ़िए मामला...

इकौना थाना क्षेत्र के कैलाशपुर स्थित मनिहारपुरवा गांव के रोज अली, अपनी पत्नी शहनाज के साथ मुंबई रहते थे। उनकी दो बेटियों गुलनाज (11), तबस्सुम (10) और बेटा मोइन (डेढ़ साल) भी साथ ही रहते थे।

गांव में उनके सगे भाई मोहम्मद हुसैन और शहजाद हुसैन रहते हैं। उनकी तीन बहनें हैं। जबकि सौतेली मां के 4 बेटे और दो बेटियां हैं। परिजनों ने बताया कि वह बहन की शादी के लिए रिश्ता तय करने आया था।

### सौतेली मां बोलीं- बहू रोज सुबह आती थी मिलने

सौतेली मां फातिमा ने बताया कि वह परिवार के साथ 5-6 महीने बाद गांव आया था। बहन का रिश्ता तय करना था, साथ ही गांव में मेला भी लगा है। काफी पहले से वह अलग घर बनवा कर रह रहा था। जबकि उसके पिता और उसकी बहन मेरे साथ रहते हैं।

मुंबई से आने के बाद उसकी पत्नी शहनाज हर सुबह हमारे पास आती थी। थोड़ी देर बैठती थी। बातें करती थी। उसके बच्चे भी सुबह से यहीं पर खेलते थे। बहन रुबीना ने बताया- गुरुवार रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद पूरा परिवार सोने के लिए कमरे में चला गया था।

### सुबह 8 बजे तक कोई नहीं जगा तो चिंता हुई

सौतेली मां फातिमा ने कहा- शुक्रवार की सुबह बेटे के घर से कोई नहीं आया। एक बारगी हमें लगा कि सब सो रहे होंगे, ठंड बढ़ी है तो देर से उठें। लेकिन सुबह के 8 बजे तक कोई नहीं आया तो चिंता हुई। इसके बाद मैं उनके घर गई। उसका घर 100 मीटर ही दूर है। देखा दरवाजा बंद था। कई बार खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। पड़ोसी से पूछा तो पता चला कि अभी तक कोई उठा ही नहीं था। इसके बाद मैंने अपनी बेटी रुबीना को बुलाया। रुबीना आई और काफी देरतक दरवाजा खटखटाया। लेकिन दरवाजा नहीं खुला। उसने खिड़की को धकेलकर खोला। अंदर देखा कि शहनाज और उसके बच्चे बेड पर थे। खिड़की से जोर-जोर से चिल्लाया। घर के अन्य लोगों के अलावा आस-पड़ोस के लोग भी पहुंच गए। कुछ लोगों ने मिलकर दरवाजा तोड़ा। अंदर देखा तो सबकी मौत हो चुकी थी।

इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। इकौना पुलिस डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। वहीं शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### एसपी बोले- पति-पत्नी में मायके जाने को लेकर हुआ था विवाद

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि कमरे के अंदर सभी शव पाए गए और कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर मृत युवक के शव को पंखे से उतारा गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक ने गला घोटकर पत्नी और बच्चों की हत्या की। इसके बाद खुद फंदे पर लटक गया। उसने तकिए से दबाकर या गला दबाकर मारा होगा। कुछ दिन पहले पति-पत्नी के बीच मायके जाने को लेकर विवाद हुआ था। अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

# सीनियर ने लिव-इन का मजाक उड़ाया तो हत्या कर दी

## मथुरा में कपल ने चाकू मारा, लाश कोसी बॉर्डर पर फेंककर भागे


**मथुरा।** हरियाणा के गुरुग्राम में लिव-इन में रह रहे कपल ने मथुरा के रहने वाले अपने सीनियर की हत्या कर दी। उसका शव मथुरा के कोसी में फेंक दिया। पुलिस इस केस को गुमशुदगी का मानते हुए जांच कर रही थी।

जांच में बॉयफ्रेंड और गर्लफ्रेंड का एंगल सामने आया। दोनों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की तो हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सीनियर ने उनके लिव इन रिलेशन का मजाक उड़ाया था। इसी का बदला लेने के लिए उन्होंने चाकू और हेलमेट मारकर उसकी हत्या कर दी।

### 4 अक्टूबर को हुआ था लापता

पुलिस के अनुसार, सोनपाल (40) 4 अक्टूबर को लापता हुआ था। उसके जीजा ने थाना सेक्टर-7 IMT मानेसर में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि




सोनपाल मूल रूप से मथुरा का रहने वाला था, जोकि हाल में गुरुग्राम के खोह गांव में किराए पर रहता था। वह पिछले 10 सालों से सेक्टर-5 गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत था।?

### पुलिस जांच में हत्या का पता लगा

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह गुमशुदगी नहीं बल्कि हत्या का मामला है। इसके बाद 13 नवंबर को मामले में हत्या की धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस ने दो आरोपियों कुशलपाल सिंह उर्फ कौशल (26) और उसकी प्रेमिका भावना (19) को गिरफ्तार किया। कुशलपाल यूपी के गोंडा का और भावना कासगंज की रहने वाली है।

### आरोपियों का सीनियर था मृतक

कुशलपाल और भावना मानेसर के सेक्टर-1 में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। आरोपियों की निशानदेही पर 13 नवंबर को सोनपाल का शव उत्तर प्रदेश के कोसी बॉर्डर से बरामद किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सोनपाल और कुशलपाल एक ही कंपनी में काम करते थे। सोनपाल सीनियर था।

### मजाक उड़ाने से उपजी रंजिश

पुलिस के मुताबिक, सोनपाल अक्सर कुशलपाल और भावना के लिव इन संबंधों का मजाक उड़ाता था। इसी बात से नाराज होकर दोनों ने उसकी हत्या की योजना बनाई। 4 अक्टूबर को कुशलपाल ने चोरी की बाइक पर सोनपाल को बहाने से कोसी बॉर्डर ले गया और वहां हेलमेट व चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी।

## यातायात पुलिस का काली फिल्म के खिलाफ अभियान: 297 वाहनों के चालान 3 सीज



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म (टिंटेड ग्लास) दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिना नम्बर प्लेट फाल्टी के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान शुक्रवार को शहर क्षेत्र में चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा ब्लैक फिल्म/टिंटेड ग्लास, बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट/ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 13 वाहनों से ब्लैक फिल्म निकलवाकर एम.वी. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा 297 वाहनों का चालान व 3 वाहनों को सीज किया गया।

## बन्द स्कूल से जुआ गैंग पर बड़ी कार्रवाई

**गाजीपुर।** थाना रामपुर माँझा के तेज-तर्रार थानाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कानून का डंडा अपराधियों पर कैसे सटीक और असरदार तरीके से चलता है। अपराध व अवैध गतिविधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान एसओ की अगुवाई में पुलिस टीम ने गुरुवार को बुढ़ऊ बाबा मंदिर के समीप स्थित बन्द पड़े विद्यालय (ग्राम चकेरी) में जुआ खेल रहे गिरोह पर अचानक दबिश डालकर दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस की इस तगड़ी कार्रवाई में बरामद हुआ माल स्वयं कार्रवाई की गंभीरता बयां करता है,24,25,000 नकद रूपया, दो अवैध तमंचे 315 बोर, दो जीवित कारतूस, दो मोबाइल फोन, ताश के दो पैकेट, एक गमछा और 1594 रूपया नकद।

# बिहार चुनाव से कैम्पेन करने के बाद लौटे राज्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**पीलीभीत।** बिहार विधानसभा 2025 के सम्पन्न हुए चुनावो में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मधुबनी एवं झंझारपुर लोकसभा सीटों के अन्तर्गत आने वाली लगभग 12 विधानसभाओं के चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी देते हुए चुनाव प्रभारी बनाये जाने के बाद राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार पूरे चुनावी कार्यक्रम के तहत 40 दिनो के बाद अपने गृह जनपद पीलीभीत लौटे तो कार्यकर्ताओं ने विठौरकला के पास स्थित टोलप्लाजा पर उनका फूलमालाओ से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राज्मंत्री श्री गंगवार ने कहा की बिहार विधानसभा चुनाव में उनके क्षेत्र में जो चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी मिली थी उसको सफलता पूर्वक निभाया गया है उन्होने उम्मीद



जाहिर कि बिहार में एन0डी0ए0 की सरकार भारी बहुमत से बनेगी। इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, सी0पी0 गंगवार, विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, चमकोर सिंह, राजू सभासद, बब्लू सक्सेना, कमल गंगवार, प्रिंस, टीटू गंगवार, जितेन्द्र लोधी, नमन गंगवार, प्रतीक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थको ने फूल मालाये पहनाकर राज्यमंत्री श्री गंगवार का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# शार्ट न्यूज

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 824/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में 25,000 रुपये की धनराशि के इनामिया एक वांछित अभियुक्त- गैंग लीडर विनोद कुशवाहा पुत्र सुरेश कुशवाहा उम्र करीव 28 वर्ष निवासी बडी नहर चौकाबाग कोतवाली को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम उ. नि. प्रशान्त राणा चौकी प्रभारी सदर कां. सूरज आदि शामिल रहे।

## बाल दिवस पर बच्चों ने सजाए स्टाल, बाल मेले में उमड़ी रही भीड़, व्यंजनों का सभी ने चखा स्वाद



**ललितपुर।** सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कालेज में धूमधाम से मनी पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जयंती , देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल लाल नेहरू की जयंती सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कालेज में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सर्व प्रथम विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित स्टाफ के साथ पं जवाहरलाल लाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पं जवाहरलाल लाल नेहरू जी का सदैव बच्चों के प्रति लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा बोलते थे। वहीं उन्होंने बच्चों को पं नेहरू जी के आदर्शों पर चलने की अपील की। तो वहीं बच्चों ने खास व्यंजनों की दुकान सजायीं। जिसका सभी ने लुत्फ उठाया। व्यंजनों की बिक्री होने पर बच्चे उत्साहित दिखे। विधालय की प्रधानाचार्या सोनम तोमर, नेहा, सविता उपाध्याय, दीपक शर्मा, सुशील, सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के द्वारा लगाए मेले की सराहना की।

## सड़क हादसे में घायल मेडिकल कालेज के असिस्टेंट लैब टेक्नीशियन की मौत

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** मरदह थाना क्षेत्र के कैथवली में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल अभिषेक यादव (23) जो मेडिकल कालेज गाजीपुर में असिस्टेंट लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे, गुरूवार के रात को इलाज के दौरान निधन हो गया, यह हादसा बीते 12 नवंबर 2025 को हुआ था।जानकारी के अनुसार, अभिषेक यादव पुत्र चन्द्रभान यादव का 12 नवंबर 2025 शाम अपने घर के सामने सड़क पर टहल रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार बाईक सवार ने टक्कर मार दिया। इस टक्कर से उसके सिर में गंभीर चोंटे आयी थी। घायल अभिषेक को तत्काल मऊ फातिमा अस्पताल के में भर्ती कराया गया, वहां से रेफर के बाद बी.एच.यू. ट्रामा सेन्टर वाराणसी जहां उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार रात में इलाज के दौरान उन्होंने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभिषेक के मौत की खबर घर पहुंचते ही उनके परिजनों एवं सहकर्मियों में शोक की लहल दौड़ पड़ी। उनके परिवार में पत्नी अन्नु देवी, माता पिता और दो भाई है।

## गोबर फेंकने के विवाद में डेयरी संचालक की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में गोबर फेंकने के विवाद में 22 साल के डेयरी संचालक की हत्या कर दी गई। पड़ोसी पहले उसकी मां को मार रहे थे। जब उसने शोरगुल सुना तो बाहर निकला। मां को बचाने गया तो पड़ोसियों ने उसकी मां छोड़ दिया लेकिन उसे खींच ले गए। आरोप है कि पड़ोसी फारुख ने अपने परिवार के 7-8 लोगों के साथ मिलकर उसे बेलचे और लाठी-डंडे से पीटा। पड़ोसी तब तक घसीट-घसीटकर मारते रहे जब तक कि वह अचेत नहीं हो गया। बाद में उसे मरा समझकर पड़ोसी फरार हो गए। पूरी घटना गुडंबा थाना क्षेत्र के आदिलनगर की है। मृतक की पहचान मोहम्मद शबान के बेटे दानिश (22) के रूप में हुई। घर के दूसरे सदस्य जब वहां पहुंचे तो पड़ोसी भाग चुके थे और दानिश घायल बेहोश पड़ा था। अस्पताल ले जाते वक्त उसने दम तोड़ दिया। मृतक की बहन जाफरीन ने बताया कि सबने भाई को अकेले ले जाकर मारा है। मैं और सभी छोटे भाई सो रहे थे। दूसरे नंबर का भाई वामिश और अब्बू डेयरी में जा चुके थे। शोरगुल मचने लगा तो हमारी नींद खुली। जब निकलकर देखा तो मां (अब्दा) रो रही थीं और भाई दानिश वहीं बेहोश पड़े थे।

# एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

## एसपी ने दिए गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट में त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी । सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । मासिक अपराध समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान की कार्यवाही की समीक्षा कर अभियान के तहत निर्धारित SOP के अनुसार ज्यादा से ज्यादा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति से सम्बन्धित अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में तैयार करने व सभी प्रविष्टियों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया । मिशन शक्ति शिकायत पेटिका से प्राप्त शिकायतों का सम्बन्धित अभिलेख में रजिस्टर्ड करने तथा उन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी कर्मचारियों को I GOT पोर्टल पर अपलोड वीडियों दिखाये जाएं व सभी को उसकी ट्रेनिंग दी जाए तथा चिन्हित हाट स्पाट पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है । आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु तथा आवेदको से शत-प्रतिशत फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र की सीमाओं पर बैरियर लगाकर नियमित रुप से सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।

जनपद के अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में सभी प्रकार के अपराधों में संलिप्त माफियाओं को चिन्हित करने तथा उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित/ वारन्टी / टॉप टेन/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, ।।स की सतत् निगरानी व अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये । किसी भी दशा में अवैध शराब /अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो । जनपद में प्रत्येक थाने पर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गयी तथा लम्बित विवेचनाओं को गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करने तथा विभिन्न अभियोगो में वांछित/NBW/कुर्की /वारण्ट आदि से सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/तामीला करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों को 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं व लम्बित पार्ट पीआई की समीक्षा कर गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# मौसा की हत्या कर मौसेरे भाई को अधमरा किया

## झांसी में चाय-पोहा खाया, मौसी लगन में गई तो हाथ-पैर बांधकर गला घोंटा

**झांसी।** झांसी में गुरुवार शाम युवक ने अपने मौसा की हत्या कर दी और मौसेरे भाई को पीटकर अधमरा कर दिया। वारदात को युवक ने अपने 2 साथियों के साथ अंजाम दिया। तीनों पहली बार मौसा के घर आए थे। तब मौसी और उनकी बेटी भी थे।

चाय-पोहा खिलाकर मौसी बेटी के साथ भतीजी की लगन (शादी की रस्म) में चली गईं। इसके बाद बदमाशों ने मौसा के हाथ-पैर बांधकर वारदात को अंजाम दिया। फोन नहीं उठाने पर बेटी घर आई, तो तीनों आरोपी भागते दिखे। अंदर गई तो भाई नीचे वाले कमरे में खून से लथपथ पड़ा था। वहीं, पिता ऊपर वाले कमरे में मृत पड़े थे। उनके हाथ-पैर बंधे थे। घायल बेटे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंजनी माता मंदिर के पास हुई।

रमेश प्रजापति उर्फ कल्लू माते (45) जुगयाना मोहल्ले का रहने वाला था। उसने करीब एक साल पहले अंजनी माता मंदिर के पास अपना नया घर बनवाया था। इसके बाद से रमेश अपनी पत्नी रानी, बेटी महक (19) और बेटा प्रियांशु (17) के साथ नए घर में शिफ्ट हो गया था।

पत्नी रानी ने बताया- हमारे जेठ की बेटी मुस्कान की 22 नवंबर को शादी है। आज मुस्कान की लगन की रस्म थी। इसलिए पूरे परिवार को जेठ के घर जगुयाना मोहल्ला जाना था। दोपहर में मेरी बुआ की बेटी का बेटा जितेंद्र प्रजापति अपने 2 दोस्तों को लेकर घर आया।

## बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया मिनी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**पीलीभीत।** आज 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के विकासखंड मरौरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय, टाहपौटा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक मिनी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ महामंडलेश्वर एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विधिवत रूप से किया।विधायक के पहुंचने पर शिक्षकों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और उपस्थित छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अलग-अलग खेलों में दमदार प्रदर्शन किया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को निरंतर अभ्यास एवं शिक्षा के साथ खेलों को भी अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक, स्थानीय ग्रामीण तथा खेल समितियों के सदस्य मौजूद रहे। वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भरा दिखाई दिया।

## झांसी में छात्रा के किडनेपर को 10 साल की जेल

**झांसी।** झांसी में 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के किडनेपर को कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 65 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। नहीं देने पर दो साल की जेल अतिरिक्त काटनी होगी। यह फैसला गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी ने सुनाया है। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धरमदास कुशवाहा 10 साल पहले 17 साल की लड़की को घर से भगाकर ले गया था। उसके साथ दो साल तक शरीरिक संबंध बनाए। इससे पीड़िता प्रेग्नेंट हो गई और एक बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद आरोपी ने उसे व बच्चे को छोड़ दिया था। आरोपी धर्मेंद्र मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर के जलंधर गांव का रहने वाला है।

# पुलिस लाइन में एसपी ने ली परेड की सलामी

**ललितपुर।** एसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड एवं तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं— डायल-112, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव तथा संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके पश्चात डायल-112 के PRV वाहनों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के



दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता तथा अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा PRV स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा-भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया तथा त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके उपरांत अर्दली रूम का आयोजन किया गया, जिसमें रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, जगह-जगह धमाके

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर वहां की अदालत फैसला सुनाने वाली है। इससे ठीक पहले बीते दो दिनों से देश में आगजनी और क्रूड बम हमलों से तनाव का माहौल है। इन हिंसक घटनाओं ने 2024 के अशांत छात्र विरोध प्रदर्शनों की यादें ताजा कर दी हैं, जिनमें 500 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। गुरुवार को बांग्लादेश की राजधानी ढाका एक किले में तब्दील हो गई है, क्योंकि शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने 'ढाका लॉकडाउन' का आह्वान किया है। पुलिस और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है। ढाका के प्रवेश बिंदुओं पर कई चौकियां स्थापित की गई हैं और सार्वजनिक वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के आसपास भी कड़ी कर दी गई है। आपको बता दें कि यही अदालत शेख हसीना और उनके शीर्ष सहयोगियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर फैसला सुनाने की तारीख तय करेगा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पिछले साल अगस्त में भारत में शरण लेने आई थीं। उनपर हत्या और साजिश सहित दर्जनों आरोप हैं। राजनीतिक तनाव ने ढाका में जनजीवन ठप कर दिया है और आगजनी तथा क्रूड बम हमलों की घटनाएं राजधानी से बाहर गाजीपुर और ब्राह्मणबारिया जैसे शहरों तक फैल गई हैं। 'द डेली स्टार' की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने हिंसा के लिए अवामी लीग समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। ब्राह्मणबारिया में ग्रामीण बैंक की एक शाखा को आग लगा दी गई, जिससे फर्नीचर और दस्तावेज पूरी तरह नष्ट हो गए। आपको बता दें कि बांग्लादेश के इस ग्रामीण बैंक की स्थापना मुहम्मद यूनुस ने 1983 में गरीबों को माइक्रो-क्रेडिट (सूक्ष्म ऋण) प्रदान करने के लिए की थी। यूनुस वर्तमान में बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख हैं।

### 'तुम्हारी कितनी बीवियां हैं?' जब व्हाइट हाउस में ट्रंप ने सीरिया के राष्ट्रपति से पूछा चौंकाने वाला सवाल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एक अभूतपूर्व कूटनीतिक घटना के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वागत किया। अहमद अल शरा को एक समय अमेरिका ने आंतकी घोषित किया था और उन पर 1 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। अब उन्हीं अहमद अल शरा के नाम को न सिर्फ अमेरिका ने आतंकी सूची से हटाया बल्कि व्हाइट हाउस में बतौर आधिकारिक मेहमान उनका स्वागत भी किया। कुछ साल पहले तक इस बात की कल्पना भी मुश्किल थी। व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसकी खूब चर्चा हुई। दरअसल ट्रंप ने सीरियाई राष्ट्रपति को एक परफ्यूम गिफ्ट किया। इस दौरान ट्रंप ने बाकायदा परफ्यूम खोलकर उसे सीरियाई राष्ट्रपति को लगाया। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि यह बेहतरीन परफ्यूम है। एक तुम्हारे लिए हैं और दूसरा तुम्हारी पत्नी के लिए। इसके बाद ट्रंप ने सीरियाई राष्ट्रपति से मजाकिया अंदाज में पूछा कि आपकी कितनी बीवियां हैं? इस पर सीरियाई राष्ट्रपति ने हंसते हुए एक बताया। इसके बाद वहां मौजूद सभी लोग हंस पड़े। व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं के बीच हुई यह मुलाकात इस साल हुई दूसरी मुलाकात है। इससे पहले मई 2025 में सऊदी अरब में दोनों नेताओं के बीच बैठक हुई थी। वहीं किसी भी सीरियाई राष्ट्रपति का यह पहला अमेरिकी दौरा है। अल शरा पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट कर सीरिया के राष्ट्रपति पद पर काबिज हुए थे।

### कनाडा में मिले जयशंकर-रुबियो, मुलाकात के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जुड़ी उम्मीद बढ़ी

**टोरंटो, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर अभी कनाडा के दौरे पर हैं। जहां उन्होंने बुधवार को अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बातचीत का मुख्य विषय व्यापार और सप्लाई चेन से जुड़े मुद्दे रहे। यह बैठक कनाडा के नियाग्रा क्षेत्र में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका और भारत के बीच न्यायसंगत व्यापार समझौता लगभग तैयार है। साथ ही वह जल्द ही भारत पर लगाए गए उच्च शुल्क (टैरिफ) को कम करेंगे। पिछले कुछ महीनों में भारत-अमेरिका के रिश्तों में तनाव बढ़ा है, खासकर तब जब ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था। जयशंकर ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने दिल्ली धमाके में मारे गए लोगों के लिए संवेदना जताई। हमने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, खासकर व्यापार और सप्लाई चेन पर। साथ ही यूक्रेन, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति पर भी विचार साझा किए। यह जयशंकर और रुबियो की पिछले दो हफ्तों में दूसरी मुलाकात थी।

# पाक में चलेगी आसिम मुनीर की मनमानी, शहबाज ने सुप्रीम कोर्ट से छीनी शक्ति, भड़के इमरान



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की संसद ने बुधवार को एक ऐतिहासिक और विवादास्पद संवैधानिक संशोधन पारित किया जिसके तहत सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को व्यापक नई शक्तियां मिलेंगी और सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को सीमित कर दिया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस संशोधन के तहत जनरल आसिम मुनीर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' नामक एक नए शीर्ष पद पर नियुक्त किया जाएगा। इस पद के माध्यम से उन्हें थलसेना, नौसेना और वायुसेना - तीनों सेनाओं की औपचारिक कमान मिल जाएगी। कानून यह भी सुनिश्चित करता है कि मुनीर अपने कार्यकाल के बाद भी रैंक बरकरार रखेंगे और उन्हें आजीवन कानूनी प्रतिरक्षा प्राप्त रहेगी।

यह संशोधन विधेयक संसद के निचले सदन में हंगामे के बीच दो-तिहाई बहुमत से पारित किया गया। कुल 234 वोट पक्ष में और केवल चार विरोध में पड़े। संसद सत्र में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो ज़रदारी मौजूद थे। विधेयक अब राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की मंजूरी के लिए भेजा गया है, जिनके हस्ताक्षर की उम्मीद बुधवार रात तक की जा रही है।

इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ ने सत्र का बहिष्कार किया और विधेयक की प्रतियां फाड़कर विरोध जताया। पीटीआई अध्यक्ष गोहर अली खान ने आरोप लगाया कि सरकार एक और विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग बना रही है और कहा, 'इस संशोधन के पारित होने के बाद लोकतंत्र केवल नाम का रह जाएगा।

विपक्षी गठबंधन तहरीक तहफ़्फ़ुज-ए-आइन-ए-पाकिस्तान ने इस संशोधन के खिलाफ जन आंदोलन का ऐलान किया था, लेकिन फिलहाल उसका विरोध संसद और सार्वजनिक बयानों तक सीमित है।

नए कानून के तहत राष्ट्रपति अब प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस दोनों की नियुक्ति करेंगे। जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी का पद नवंबर 2025 में समाप्त कर दिया जाएगा। सरकार को अब फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे आजीवन मानद सैन्य पद प्रदान करने की भी शक्ति होगी।

साथ ही संशोधन में 'फेडरल कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट' की स्थापना का भी प्रावधान है, जो संवैधानिक मामलों की व्याख्या करेगी, जबकि सुप्रीम कोर्ट की भूमिका नागरिक और आपराधिक मामलों तक सीमित रहेगी। कानून मंत्री आजम नजीर तारड़ ने संशोधन का बचाव करते हुए कहा कि यह विकास की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसे देशभर के विधि विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। वहीं, विपक्ष का कहना है कि यह कदम सैन्य प्रभाव को बढ़ाने और न्यायपालिका को कमजोर करने की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

**आसिम मुनीर की तारीफ में बिछे शहबाज :** जहां एक तरफ बिल की कड़ी आलोचना हो रही है वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस संशोधन को राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक कदम बताया है। शरीफ ने इस मौके पर आसिम मुनीर को देश का हीरो भी बताया। शरीफ ने कहा, 'इसमें क्या गलत है? देश अपने हीरो का सम्मान करते हैं। हम जानते हैं कि अपने नायकों के प्रति सम्मान कैसे दिखाया जाए। '

**आर्मी के हाथों में परमाणु कमांड :** 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी।

अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथॉरिटी के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा।

**कोर्ट में जजों की नियुक्ति सरकार के हाथों :** इस बिल में आठ नए संशोधन जोड़े गए हैं, जो सीनेट के पहले मंजूर संस्करण का हिस्सा नहीं थे। सबसे बड़ी बदलाव न्यायपालिका से जुड़ी है। अब सभी संवैधानिक मामले सुप्रीम कोर्ट से हटाकर 'फेडरल कांस्टीट्यूशनल कोर्ट' में बदल जाएंगे, जिसके जजों की नियुक्ति सरकार करेगी। हाल के वर्षों में सुप्रीम कोर्ट ने कई सरकारी नीतियों को रोका था और प्रधानमंत्रियों को पद से हटाया था, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

# अमेरिका में जैविक सामग्री तस्करी मामले में चीनी वैज्ञानिक दोषी, सजा पूरी होने के बाद होगा निर्वासन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिशिगन में जैविक सामग्री की तस्करी के मामले में गिरफ्तार एक चीनी वैज्ञानिक ने बुधवार को अदालत में अपना अपराध कबूल कर लिया। हालांकि अदालत ने उसे पहले से जेल में बिताए पांच महीने की सजा को ही अंतिम माना और अब उसे रिहा कर चीन वापस भेजा जाएगा। 33 वर्षीय यूनकिंग जियान, जो यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन की एक लैब में अस्थायी शोधकर्ता के रूप में काम कर रही थीं, को जून 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने अपने प्रेमी जुनयोंग लियू के साथ मिलकर अमेरिका में एक खतरनाक फफूंदी (फंगस) लाने की साजिश रची थी।

यह फफूंदी फ्यूजेरियम ग्रामिनेरम नाम के एक रोगजनक है, जो गेहूं, जौ, मक्का और चावल जैसी फसलों पर हमला कर सकती है और उन्हें बर्बाद कर सकती है। यह फफूंदी अमेरिका के कुछ इलाकों में मौसम और फसल की परिस्थितियों पर निर्भर करते हुए पहले से मौजूद होती है, लेकिन इसे विदेश से बिना सरकारी अनुमति लाना कानूनन अपराध है।

**गंभीर नुकसान की आशंका थी- सरकारी वकील :** वहीं अमेरिकी सरकारी वकील माइकल मार्टिन ने अदालत में कहा कि इस कृत्य से 'गंभीर नुकसान' की आशंका थी, हालांकि उन्होंने विस्तार



से यह नहीं बताया कि नुकसान कैसे हो सकता था। उन्होंने कहा, 'मेरे पास यह सबूत नहीं है कि उसने बुरी नीयत से यह किया, लेकिन यह भी सबूत नहीं है कि उसने मानवता के भले के लिए किया।' मामले की संघीय न्यायाधीश सुसान डेकलर्क ने इस मामले को बहुत अजीब बताया और कहा कि आरोपी एक 'बेहद योग्य शोधकर्ता' हैं। इस मामले में सरकारी वकील ने जहां दो साल की सजा की मांग की थी, वहीं जज ने केवल पांच महीने की सजा दी, जो जियान पहले ही जेल में काट चुकी थीं। यूनकिंग जियान को अदालत में जंजीरों में पेश किया गया, उन्होंने अदालत से माफी मांगी और कहा कि वह दबाव में थीं। अपने लिखित बयान में उन्होंने लिखा, 'मैंने नियमों का पालन नहीं किया क्योंकि मुझ पर शोध को आगे बढ़ाने और परिणाम देने का दबाव था। मेरा उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि फसलों को बीमारियों से बचाने के तरीकों पर काम करना था।

# म्यांमार की वायुसेना में रूस और चीन के विमान-हेलिकॉप्टर्स हुए शामिल, अब अभियान तेज करेगी सेना?

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमार ने अपनी वायुसेना में रूस के हेलिकॉप्टर और चीन के विमान शामिल किए हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब ये दोनों देश अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद म्यांमार के सैन्य शासन को हथियार और उपकरण मुहैया करा रहे हैं, ताकि देश में जारी खूनी गृहयुद्ध को समाप्त किया जा सके।

**प्रतिबंधों के बावजूद हथियार मुहैया करा रहे चीन-रूस :** अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने म्यांमार पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें हथियारों की बिक्री पर रोक भी शामिल है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, रूस और चीन लगातार म्यांमार की सेना को सैकड़ों मिलियन डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण दे रहे हैं।

**सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता बढ़ाएंगे विमान-हेलिकॉप्टर्स: सेना :** सेना की ओर से जारी तस्वीरों में तीन रूसी एमआई-38टी हेलिकॉप्टर और दो चीनी वाई-8 विमान दिखाए गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनका इस्तेमाल पर्वतीय इलाकों में सैनिकों को भेजने के अभियानों में किया जाएगा। सेना ने कहा कि परिवहन विमान म्यांमार की वायु सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता बढ़ाएगा। इन विमानों को सात नवंबर को राजधानी नेपीडॉ में आयोजित एक समारोह में शामिल किया गया।

**कूटनीतिक दबावों के बावजूद हथियार खरीद रही सेना :** म्यांमार के शीर्ष सैन्य शासक जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा, मौजूदा अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और आंतरिक हालात स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि सभी प्रकार के विमानों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। सिंगापुर स्थित अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक अध्ययन संस्थान (आईआईएसएस) के विश्लेषक मॉर्गन माइकल्स ने कहा, रूस से मिल रहे नए हेलिकॉप्टर्स और विमानों की आपूर्ति दिखाती है कि आर्थिक और कूटनीतिक दबावों के बावजूद म्यांमार की सेना अब भी जरूरी उपकरण हासिल कर रही है और रूस इसके लिए जीवनरेखा बना हुआ है। रक्षा खुफिया कंपनी 'जेंस' के मुताबिक, म्यांमार रूस के निर्यात का पहला ज्ञात ग्राहक है जिसने एमआई-38टी हेलिकॉप्टर खरीदे हैं।

# अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन 43 दिन बाद खत्म

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को एक सरकारी फंडिंग बिल पर साइन किए, जिससे 43 दिन से जारी शटडाउन खत्म हुआ। इस बिल को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (निचले सदन) ने 222-209 के अंतर से पास किया था। हालांकि, इसमें हेल्थ केयर प्रोग्राम एसीए सब्सिडी (ओबामा केयर सब्सिडी) के प्रीमियम टैक्स क्रेडिट्स को बढ़ाने का कोई वादा नहीं किया गया, जो 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा हैं। यह विधेयक सीनेट (उपरी सदन) में पहले ही पास हो चुका है।

ट्रम्प ने बिल पर साइन करने से ठीक पहले कहा, 'देश इससे बेहतर स्थिति में कभी नहीं रहा। यह एक महान दिन है।' यह बिल सरकार को 31 जनवरी तक फंडिंग उपलब्ध कराएगा। विधेयक के तहत एजेंसियों को 31 जनवरी तक कर्मचारियों की छंटनी करने से रोका जाएगा। वहीं, डेमोक्रेटिक के कुछ



लीडर्स ने एसीए सब्सिडी के टैक्स क्रेडिट्स को बढ़ाने की लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा- यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, हम लड़ते रहेंगे।

**रिपब्लिकन सांसद बोले- शटडाउन टीवी शो जैसा :** यह वोटिंग डेमोक्रेट्स के न्यू जर्सी और एरीजोना में हुए हाई-प्रोफाइल चुनावों में जीत हासिल करने के आठ दिन बाद हुआ है। पार्टी के कई लोगों का मानना था कि इससे स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी के विस्तार की संभावनाएं मजबूत होंगी, जो साल के अंत में समाप्त होने वाली है। हालांकि इस समझौते के तहत दिसंबर में सीनेट में इन सब्सिडी पर मतदान होने का वादा किया, लेकिन हाउस में ऐसा कोई वादा नहीं किया गया है। रिपब्लिकन सांसद डेविड श्वाइकर्ट ने इसे एक ऐसा टीवी शो बताया जिसमें असल मुद्दा समझ ही नहीं आया। जबकि डेमोक्रेट सांसद मिकी शेरिल ने कहा कि सदन ट्रम्प का रबर स्टैंप न बने जो बच्चों से खाना और इलाज छीन रहा है, और देश से हार न मानने की अपील की।

**डेमोक्रेट्स ने लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया :** बुधवार रात हाउस ने फंडिंग बिल पास करने के बाद डेमोक्रेटिक लीडर हकीम जेफ्रीज, व्हिप कैथरीन क्लार्क और कॉकस चेयर पीट एगुइलर ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि वे गरीब और मध्यम वर्ग के अमेरिकियों के लिए स्वास्थ्य बीमा सस्ता बनाने वाले इन क्रेडिट्स को तीन साल के लिए बढ़ाने के लिए संघर्ष करेंगे। हकीम जेफ्रीज ने कहा, 'यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। हम अभी शुरुआत कर रहे हैं। हम आज लड़ेंगे, कल लड़ेंगे, इस हफ्ते लड़ेंगे, अगले हफ्ते लड़ेंगे, इस महीने लड़ेंगे, अगले महीने लड़ेंगे, हम तब तक लड़ेंगे जब तक हम अमेरिकी लोगों के लिए यह लड़ाई जीत नहीं लेते।

**ट्रम्प बोले- सरकार खुलते ही मिलकर हल करूंगा :** ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एसीए सब्सिडी (ओबामा केयर सब्सिडी) को 'हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों के लिए मुनाफा और अमेरिकी लोगों के लिए आपदा' बताया था। ट्रम्प का कहना है कि सब्सिडी के बजाय लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अपनी पसंद का इंश्योरेंस खरीदने की सुविधा दी जानी चाहिए।

# फेंटानिल से जुड़े 13 रसायन चीन में प्रतिबंधित, काश पटेल बोले- राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व की कामयाबी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच हुई अहम बातचीत के बाद एक ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने बताया कि चीन ने फेंटानिल नाम के घातक ड्रग बनाने में इस्तेमाल होने वाले 13 रासायनिक तत्वों को अब आधिकारिक रूप से प्रतिबंधित सूची में डाल दिया है। साथ ही, चीन ने ऐसे 7 रासायनिक कारखानों पर भी नियंत्रण लगाने का फैसला किया है, जो अब तक इस ड्रग के निर्माण में भूमिका निभा रहे थे।

**हजारों अमेरिकियों की बचेगी जान- पटेल :** काश पटेल ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, 'अब चीन ने पूरी तरह से कदम उठाया है। फेंटानिल बनाने वाले सभी 13 केमिकल्स को सूचीबद्ध कर दिया गया है और 7 कंपनियों को भी नियंत्रण में लिया गया है। इस फैसले के बाद फेंटानिल का जो 'पाइपलाइन' चीन से मेक्सिको और दुनिया के दूसरे देशों तक पहुंचता था, वह अब बंद हो गया है।' काश पटेल ने कहा कि यह कदम हजारों अमेरिकियों की जान बचाएगा, क्योंकि फेंटानिल अमेरिका में ओवरडोज से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण बन चुका था।

**राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व की कामयाबी- काश पटेल :** उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया। 'यह सब राष्ट्रपति ट्रंप की मजबूत नेतृत्व क्षमता के बिना संभव नहीं था। उन्होंने अमेरिकी जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह किसी भी राष्ट्रपति की तरफ से उठाया गया पहला और ऐतिहासिक कदम है जिससे फेंटानिल के संकट को रोका जा सकेगा।' उन्होंने ट्रंप प्रशासन, अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे), एफबीआई टीम और चीन में अमेरिकी राजदूत परड्यू की भी सराहना की, जिन्होंने जमीन पर बातचीत कर यह समझौता संभव किया।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने भी फैसले पर दी प्रतिक्रिया :** यह घोषणा ठीक उस समय आई है जब हाल ही में राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। उस बैठक के बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा था, 'चीन ने साफ कहा है कि वह अमेरिका में फेंटानिल के प्रवाह को रोकने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेगा। वे फेंटानिल संकट को खत्म करने में मदद करेंगे।' फेंटानिल एक सिंथेटिक (कृत्रिम) ड्रग है जो बेहद शक्तिशाली होता है। यह मॉर्फिन से करीब 50 गुना ज्यादा असरदार होता है। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी जानलेवा हो सकती है। अमेरिका में हर साल लाखों लोग फेंटानिल ओवरडोज से अपनी जान गंवाते हैं। वहीं इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि अगर चीन अपने वादे पर कायम रहता है।

# दिल्ली कार ब्लास्ट जांच पर अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- उन्हें हमारी मदद की जरूरत नहीं, वे पेशेवर तरीके से संभाल रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने 10 नवंबर को दिल्ली में हुए कार विस्फोट की जांच में भारत की मदद करने की पेशकश की है। हालांकि, विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारतीय अधिकारी इस जांच को बहुत ही पेशेवर तरीके से संभाल रहे हैं। कनाडा में जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए रूबियो ने कहा, 'हमने मदद की पेशकश की है, लेकिन मुझे लगता है कि वे इन जांचों में बहुत सक्षम हैं। उन्हें हमारी मदद की जरूरत नहीं है और वे अच्छा काम कर रहे हैं। '

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी-7 बैठक के इतर रूबियो से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें दिल्ली विस्फोट भी शामिल था। जयशंकर ने कहा था, 'दिल्ली विस्फोट में जान गंवाने वालों पर संवेदना के लिए उनका आभार। द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की, खासकर व्यापार और सप्लाई चेन पर। यूक्रेन संघर्ष, मध्य पूर्व/पश्चिम एशिया और इंडो-पेसिफिक पर विचार साझा किए।' उन्होंने बताया था कि राजधानी हाई अलर्ट पर है और आतंकी कनेक्शन की जांच चल रही है। इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिका ने कहा था कि वह दिल्ली की स्थिति पर नजर रख रहा है और जरूरत पड़े तो मदद देगा।

**क्या बोले मार्को रूबियो :** रूबियो का यह बयान जी7 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर एक मीडिया वार्ता के दौरान आया। यहां जब उनसे भारत में आतंकी हमले की घटना को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि जांच को



लेकर भारत की तारीफ करनी होगी। वे काफी सधे और सतर्क रहे हैं। साथ ही उन्होंने पेशेवर तौर पर जांच की है। यह जांच अभी जारी है। यह साफ तौर पर एक आतंकी हमला था। यहां एक कार थी, जो खतरनाक विस्फोटकों से लदी थी और जिसमें ब्लास्ट ने कई लोगों की जान ले ली।

उन्होंने आगे जोड़ा, 'मुझे लगता है कि वे जांच में काफी अच्छा काम कर रहे हैं और जब उनके पास तथ्य होंगे, तब वे तथ्यों को सामने भी रखेंगे।' अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि उन्होंने इसे लेकर भारत के अपने समकक्ष एस. जयशंकर से भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने मदद की पेशकश की, लेकिन भारत अपने आप में जांच को संभालने में काफी सक्षम है और उसे मदद की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा, 'हमें इस घटना की गंभीरता का अंदाजा है और हमने इसके बढ़ने को लेकर बात भी की। हम इंतजार करेंगे कि जांच में क्या सामने आता है। हमने मदद की पेशकश की, लेकिन उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। वे पहले ही बेहतर काम कर रहे हैं।' गौरतलब है कि जयशंकर और रूबियो के बीच कनाडा के ओंटारियो में जी7 बैठक के इतर मुलाकात हुई। चर्चा के दौरान रूबियो ने दिल्ली धमाके में मौतों को लेकर संवेदना जाहिर की। साथ ही दोनों देशों के रिश्तों पर भी चर्चा की।

# डेमोक्रेट्स ने जारी किए एपस्टीन के ईमेल: ट्रंप पर लड़कियों की जानकारी रखने का आरोप

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसदों की ओर से जारी किए गए जेफ्री एपस्टीन के ईमेल्स में दावा किया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एपस्टीन के यौन तस्करी से जुड़ी नाबालिग लड़कियों के बारे में जानकारी थी और वे एक पीड़िता के साथ उसके घर पर घंटों रहे थे। अमेरिकी हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेटिक सदस्यों ने बुधवार को ये ईमेल सार्वजनिक किए, जिनसे ट्रंप और एपस्टीन की पुरानी दोस्ती और संभावित जानकारी पर नए सवाल उठे हैं। 2011 के एक ईमेल में एपस्टीन ने अपनी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल को लिखा, तुम समझो कि जो अब तक चुप है, वह ट्रंप है। उसने आगे कहा कि ट्रंप मेरे घर पर घंटों एक लड़की के साथ रहे, जिसे कमेटी ने एक पीड़िता बताया है। एक अन्य ईमेल में एपस्टीन ने पत्रकार माइकल वोल्फ को लिखा कि बेशक ट्रंप को लड़कियों के बारे में पता था, उसने गिस्लेन से रोकने को कहा था। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**कौन था जेफरी एपस्टीन :** न्यूयॉर्क शहर में जन्मे और पले-बढ़े एपस्टीन ने अपने पेशेवर करियर की शुरुआत डाल्टन स्कूल में एक शिक्षक के रूप में की। 1976 में स्कूल से निकाले जाने के बाद उन्होंने बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में प्रवेश किया, जहां उसने कई पदों पर काम किया। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जेफरी एपस्टीन के खिलाफ जांच शुरू की। दरअसल, एक माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एपस्टीन ने उनकी 14 वर्षीय बेटी का यौन शोषण किया। जांच से पता चला कि एपस्टीन ने 36 लड़कियों का यौन शोषण और उत्पीड़न किया था, जिनमें से कुछ 14 साल की थीं। उसने दो मामलों में दोषी होने की दलील दी और 2008 में उसे दोषी ठहराया गया। हालांकि, एपस्टीन ने केवल 13 महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उसे कथित तौर पर एक विवादास्पद सौदे के कारण रिहा कर



दिया गया, क्योंकि उस पर केवल दो अपराधों के लिए आरोप लगाया गया था। इस बार न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में नाबालिगों की यौन तस्करी के आरोप में। मुकदमे के दौरान सीरियल यौन अपराधी ने अगस्त में अमेरिकी जेल में आत्महत्या कर ली।

**एपस्टीन फाइल्स क्या हैं :** जेफरी एपस्टीन की जांच के दौरान मिली सामग्री (जिसमें दस्तावेज, संपर्क सूची, कॉल रिकॉर्ड और चैट, वीडियो, उनके सहयोगियों और ग्राहकों के नाम, अन्य जांच डेटा शामिल हैं) को एपस्टीन फाइल्स कहा जाता है। अमेरिकी सरकार ने एपस्टीन जांच और एपस्टीन से संबंधित सामग्रियों की आंतरिक समीक्षा को स्वीकार किया है। हालांकि, अभी तक केवल चुनिंदा रिकॉर्ड ही जारी किए गए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन की सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के खिलाफ वर्जीनिया गिफ्रे के 2015 के मानहानि के मुकदमे से जुड़े हैं, जिसमें फ्लाइट लॉग, गवाहों की गवाही, संपर्क सूचियां और एपस्टीन की गतिविधियों से जुड़े अन्य सबूत शामिल हैं। इसमें कई हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के नाम हैं, जो सामाजिक, पेशेवर या एपस्टीन से जुड़े थे। हालांकि, इन दस्तावेजों में नाम होना स्वाभाविक रूप से गलत शख्स होने का संकेत नहीं है, क्योंकि कई लोग सामाजिक अवसरों पर एपस्टीन से अचानक ही मिलते थे। दस्तावेजों को चरणों में जारी किया गया, जिनमें से महत्वपूर्ण बैचों को जनवरी 2024 और फरवरी 2025 में अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के तहत अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से खोला गया।

**एपस्टीन फाइल्स में किस-किस के नाम :** फरवरी 2025 में अमेरिकी न्याय विभाग के एक दस्तावेज से पता चला था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पॉप आइकन माइकल जैक्सन, अभिनेता एलेक बाल्डविन और फिल्म निर्माता हार्वे वीनस्टीन उन हस्तियों में शामिल थे, जो जेफरी एपस्टीन की संपर्क सूची में थे। हालांकि, इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जांच से जो पता चला है, वह अभी भी जनता के लिए खुला नहीं है। न्याय विभाग के दस्तावेज में कई अन्य हाई-प्रोफाइल नाम शामिल थे, जैसे कि न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो, रोलिंग स्टोन्स के फ्रंटमैन मिक जैगर और संगीतकार कोर्टनी लव। अन्य लोगों में सुपरमॉडल नाओमी कैंपबेल, रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर की मां एथेल कैनेडी, पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी, दिवंगत सीनेटर टेड कैनेडी, वकील एलन डर्सोविट्ज और अभिनेता डस्टिन हॉफमैन और राल्फ फिएनेस शामिल थे।

# पहला टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका को 159 पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने बनाये 37/1

**–बुमराह ने लिए 5 विकेट**

**कोलकाता (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने यहां के ईडन गार्डन मैदान में शुक्रवार से शुरु हुए पहले टेस्ट में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 159 रनों पर समेटकर अपनी पकड़ बना ली है। भारतीय टीम ने इसके बाद पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बना लिए थे। खराब रोशनी के कारण मैच करीब 20 मिनट पहले समाप्त हो गया। इस प्रकार भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर अभी 122 रन पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने के समय केएल राहुल 13 और वाशिंगटन सुंदर 6 रनों पर खेल रहे थे। भारतीय टीम का एकमात्र विकेट यशस्वी जायसवाल का गिरा। यशस्वी मार्को यानसन की गेंद पर अपना विकेट खो बैठे। वहीं इसे बाद राहुल और सुंदर ने खेल समाप्त होने तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा। केशव महाराज ने भी अपनी फिरकी से भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी कप्तानी टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है जो उन्हें भारी पड़ गया। टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 159 रन ही बना पायी। भारतीय टीम की ओर से मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल को एक विकेट मिला। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, जबकि वियान मुल्डर ने 24, टॉनी डि जॉर्जी ने 24, रेयान रिक्लेटन ने 23, काइल वेरेने ने 16, सिमोन हार्मर ने 5, तेम्बा बावुमा ने 3 और कॉर्बिन बॉश ने 3 रन बनाए, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स 15 रन बनाकर नाबाद रहे।

मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका ने लंच तक तीन विकेट पर 105 रन बनाये। लंच के समय वियान मुल्डर 22 और टोनी डि जोर्जी 15 रन बनाकर खेल रहे थे। मेहमान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की पर और उसकी शुरुआत ठीक रही। एडेन मार्क्रम ने 31 और रियान रिकेलटन ने 23 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े। भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 9 रन देकर दो जबकि कुलदीप यादव ने 7 ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया। बुमराह ने दो ओवर के अंदर ही दोनों को आउट कर भारतीय टीम को मैच में वापसी करायी। कुलदीप ने कप्तान तेम्बा




बावुमा को केवल तीन रन पर आउट कर मेहमान टीम को करारा झटका दिया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल कागिसो रबाडा की जगह कोर्बिन बॉश को शामिल किया है जबकि भारतीय टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के अलावा स्पिनर ऑलराउंडर, अक्षर पटेल ओर कुलदीप यादव को अंतिम ग्यारह में उतरा है।

# लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत, लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे



**कुमामोतो (जापान) (एजेंसी)।** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया।

लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 13 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी।

पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने इस दौरान अपने खेल में शानदार नियंत्रण दिखाकर दबदबा कायम किया। शुरुआती गेम में दोनों 4-4 से बराबरी पर थे, लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-8 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल किए और 18-9 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया। लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली। सिंगापुर के खिलाड़ी ने अंतर को 17-18 कर दिया लेकिन लक्ष्य ने अपनी पकड़ बनाए रखते हुए गेम के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# बुमराह ने बनाया रिकार्ड, सबसे ज्यादा बोल्ड आउट करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां पहले ही टेस्ट में एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब बुमराह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक बोल्ड आउट करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने दिग्गज पूर्व स्पिनर आर अश्विन को पीछे छोड़ा है।

बुमराह के अब तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 152 विकेट बोल्ड आउट करते हुए लिए हैं। ये किसी भारतीय गेंदबाज के तीसरे सबसे अधिक बोल्ड विकेट हैं। वहीं इस मामले में पहले नम्बर पर दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले हैं। उनके नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक बोल्ड करने का रिकार्ड है। उन्होंने 186 विकेट बोल्ड लिए हैं। वहीं कपिल देव दूसरे नंबर पर हैं, उन्होंने 167 विकेट बोल्ड करते हुए लिए हैं। वहीं अश्विन 151 बोल्ड विकेट के साथ चौथे और रविंद्र जडेजा 145 बोल्ड विकेट लेकर पांचवें नंबर पर खिसक गये हैं। भारत में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी औसत के मामले में बुमराह पहले नंबर पर हैं।

17.12 - जसप्रीत बुमराह (56 विकेट)
18.38 - रिची बेनो (52 विकेट)
20.91 - रवींद्र जडेजा (246 विकेट)
21.57 - रवि अश्विन (383 विकेट)
22.10 - मोहम्मद शमी (76 विकेट)
22.23 - कुलदीप यादव (51 विकेट)

# भारत की नंबर-3 पोजिशन पर फिर विवाद, पूर्व क्रिकेटर ने साई सुदर्शन को बाहर करने पर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच से ठीक पहले टीम प्रबंधन ने बल्लेबाज साई सुदर्शन को अंतिम एकादश से बाहर कर दिया। इस फैसले ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर डोड्डा गणेश की कड़ी प्रतिक्रिया को जन्म दिया। उन्होंने नंबर-3 जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर लगातार बदलावों को टीम की 'बिना सोच-समझ की रणनीति' बताया। 2023 में चेतेश्वर पुजारा को हटाने के बाद से भारत इस जगह पर कई खिलाड़ियों को आजमा चुका है, लेकिन स्थिरता अब भी दूर है। गणेश ने चार स्पिनरों को खिलाने की रणनीति पर भी सवाल उठाए।



**नंबर-3 के लिए वाशिंगटन सुंदर का चयन, सुदर्शन को बाहर**

भारत ने पहले टेस्ट के लिए नंबर-3 बल्लेबाज के रूप में साई सुदर्शन की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया है। सुदर्शन ने अब तक पाँच टेस्ट खेले हैं और नौ पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 273 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ हाल में खेले गए दो अनौपचारिक टेस्ट में भी उन्होंने 32, 12, 17 और 23 रन की पारियां खेली थीं। उनके प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कई विशेषज्ञों का मानना था कि उन्हें एक और मौका मिलना चाहिए था। लेकिन टीम प्रबंधन ने अचानक बदलाव करते हुए सुंदर पर भरोसा जताया, जिससे विवाद खड़ा हो गया।

**'नंबर-3 पर बिना विजन म्यूजिकल चेयर खेल रहे हैं'**

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डोड्डा गणेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर टीम प्रबंधन के इस फैसले की जमकर आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'नंबर-3 टेस्ट टीम में सबसे अहम जगह है। लेकिन भारत बिना किसी विजन के लगातार खिलाड़ियों को बदल रहा है। विश्वास नहीं हो रहा कि टेस्ट स्तर पर ऐसा हो रहा है। साई सुदर्शन को यह टेस्ट खेलना चाहिए था।' गणेश के अनुसार इस स्थान पर भारत की निरंतरता की कमी विदेशी परिस्थितियों में टीम की बल्लेबाज़ी को कमजोर बनाती है।

**चार स्पिनर खिलाने पर भी उठाए सवाल**

भारत ने कोलकाता टेस्ट में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे चार स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला किया है। गणेश इस फैसले से भी असहमत दिखे। उनका कहना था, ÷पिच कितनी भी स्पिन-अनुकूल क्यों न हो, चार स्पिनर खिलाने की कोई जरूरत नहीं थी।' गणेश के अनुसार, एक अतिरिक्त विशेषज्ञ बल्लेबाज टीम को ज्यादा मजबूती देता, खासकर जब युवा खिलाड़ियों को तैयार करने की बात हो।

**पुजारा के हटने के बाद नंबर-3 की मुश्किलें जारी**

2023 WTC फाइनल में हार के बाद भारत ने चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर किया और उसके बाद से इस स्थान पर लगातार प्रयोग किए हैं। केएल राहुल, शुभमन गिल, देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर जैसे बल्लेबाज़ों को आजमाया गया, लेकिन नियमित सफलता सिर्फ गिल के घरेलू प्रदर्शन में ही देखी गई। विदेशी पिचों पर यह स्लॉट अब भी भारत की सबसे बड़ी कमजोरी बना हुआ है।

# कुलदीप 150 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तीसरे गेंदबाज बने



कोलकाता । भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले खेले जा रहे पहले टेस्ट के पहले ही दिन अपने 150 विकेट पूरे किये। कुलदीप ने कप्तान तेम्बा बावुमा को 3 रनों पर आउट करने के साथ ही ये उपलब्धि हासिल की है। कुलदीप ने अपने 150 विकेट 87 पारियों में हासिल किये। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा को 3 रनों पर ही ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराकर अपने 150 विकेट पूरे किये। कुलदीप भारत की ओर से बाएं हाथ के गेंदबाज के तौर पर 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले ये उपलब्धि भारतीय टीम की ओर से रविंद्र जडेजा और जहीर खान ने हासिल की थी। इसके अलावा कुलदीप भारत में 150 विकेट हासिल करने वाले दूसरे बतौर बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। कुलदीप ने अपनी ही धरती पर 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का कारनामा बाएं हाथ के गेंदबाज के तौर पर सबसे तेजी से किया है। कुलदीप ने केवल 87 पारी में ये आंकड़ा हासिल किया है। इससे पहले जहीर खान ने 135 पारी और जडेजा ने 200 पारी में 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट बाएं हाथ के गेंदबाज़ के तौर पर लिए थे।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं पांड्या

नई दिल्ली । पिछले काफी समय से चोटिल होने के कारण भारतीय टीम से बाहर चल हरे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली टी20 सीरीज से वापसी की संभावना है। पांड्या एशिया कप 2025 के फाइनल से पहले सुपर 4 के मैच में चोटिल होने के बाद से टीम से बाहर हैं। इसी कारण वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी नहीं गए थे। अब वह फिट हो गये हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले वह घरेलू क्रिकेट में भी फिटनेस साबित करने के लिए खेलेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार इसी महीने के अंत में वह बड़ौदा की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलते नजर आ सकते हैं। पांड्या मैच फिटनेस हासिल करने के बेहद करीब हैं। वह इस समय बेंगलुरु स्थिति बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अभ्यास कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वह घरेलू टी20 टूर्नामेंट के पहले मैच में ही खेलते हुए नजर आ सकते हैं। वहीं अगर ऐसा नहीं होता है तो भी दूसरे टी20 में उनकी वापसी तय है। । बड़ौदा का पहला मैच 26 नवंबर को और दूसरा मैच 28 नवंबर को खेला जाएगा। ऐसे में समझा जा सकता है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में वहीं नहीं खेलेंगे, क्योंकि उनको टी20 फॉर्मेट में ही वापसी करनी होगी। 9 दिसंबर से साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज है, जिसके लिए पांड्या का टीम में चयन हो सकता है और वे इस सीरीज में खेलते हुए नजर आ सकते हैं।



# विश्व कप के लिए जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित, रोहित करेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान द्वारा सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है।

कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है। चयन के मानदंडों में उनकी शारीरिक क्षमता, कौशल और टीम-प्ले शामिल थे। हमने हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी मानसिक क्षमता पर दिया।'



भारतीय टीम की कमान डिफेंडर रोहित संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम ने रजत पदक जीता था। बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के रूप में टीम में चुने गए हैं। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि अरिजीत सिंह हुंदल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाएंगे।

श्रीजेश ने कहा, 'जूनियर विश्व कप की तैयारी के दौरान हमें अंतरराष्ट्रीय मैचों में अच्छा अनुभव मिला है। हमने सीनियर भारतीय टीम के साथ भी कई मैच खेले हैं क्योंकि हम बेंगलुरु स्थित साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) के एक ही परिसर में हैं।' उन्होंने कहा, ''जब खिलाड़ी अपने सीनियर साथियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। कुल मिलाकर हम घरेलू दर्शकों के सामने अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।'

**भारतीय जूनियर पुरुष टीम**

**गोलकीपर :** बिक्रमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह

**डिफेंडर :** रोहित, आमिर अली, अनमोल एक्का, रवनीत सिंह, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पलाक्षप्पा बेन्नूर, शारदानंद तिवारी

**मिडफील्डर :** अंकित पाल, रोहित कुल्लू, एड्रोहित एक्का, थौनाओजाम इंगलेम्बा लुवांग, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर

**फॉरवर्ड :** सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, अजीत यादव, गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह

# रेड कार्ड मिलने के बाद रोनाल्डो पर विश्व कप मैच में प्रतिबंध का खतरा



डबलिन । पुर्तगाल अगर उम्मीद के मुताबिक 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेता है तो क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर शुरुआती मैचों से प्रतिबंध लगने का खतरा मंडरा रहा है। इस फुटबॉल सुपरस्टार को बृहस्पतिवार को डबलिन में खेले गए क्वालीफाइंग मैच के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओ'शे को कोहनी मारने के कारण मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इस मैच में पुर्तगाल को 2–0 से हार का सामना करना पड़ा था। पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो रोनाल्डो पर तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है। फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2–0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओ'शे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया। आयरलैंड के प्रशंसकों द्वारा हूटिंग किये जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखा। रोनाल्डो फरवरी में 41 साल के हो जायेंगे और उनका लक्ष्य रिकॉर्ड छठे विश्व कप टूर्नामेंट में खेलने का है।

# रचिन और कॉनवे सहित कई खिलाड़ियों को रिलीज करेगी सीएसके

चेन्नई। आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पास इस बार नीलामी में 30 करोड़ रुपये से अधिक बचे रहेंगे जिससे वह कई खिलाड़ियों को खरीद सकेगी। सीएसके प्रबंधन का लक्ष्य ऐसे में एक ऐसी टीम बनना रहेगा जो जीत हासिल कर सके। सीएसके के पास मोटी रकम इसलिए बच रही है क्योंकि वह कई स्टार खिलाड़ियों को रिलीज करने जा रही है। इसमें न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और डेवोन कॉनवे भी शामिल है हालांकि मथीशा पथिराना टीम में बने रहेंगे। इसके अलावा नाथन एलिस को भी रिटेन करेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके के पास नीलामी में 30 करोड़ रुपये का पर्स हो सकता है। रचिन और कॉनवे के अलावा कई भारतीय खिलाड़ियों को टीम रिलीज करेगी जिसके उसके पास काफी रकम बचेगी। इसका इस्तेमाल टीम का सहयोगी स्टाफ नीलामी में कर सकता है। एलिस को ट्रेड के जरिए कई टीमों ने मांगा है, लेकिन सीएसके ने सीधे तौर पर मना कर दिया है। वहीं दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी को भी टीम रिलीज कर सकती है। जडेजा और सैम करन की ट्रेड डील राजस्थान रॉयल्स के साथ हो सकती है, जहां से संजू सैमसन सीएसके में आ सकते हैं। विजय शंकर को भी सीएसके रिलीज कर सकती है। इस तरह सीएसके पास काफी रकम रहेगी। युवा खिलाड़ियों के साथ फ्रेंचाइजी बने रहना पसंद करेगी। वहीं महेन्द्र सिं धोनी भी इस सीजन खेलने वाले हैं तो विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी वही संभालेंगे। सीएसके उन खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है, जो घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और जो खिलाड़ी विदेशी हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धमाल मचा रहे हैं। धोनी का संभावित तौर पर यह आखिरी सीजन होगा। ऐसे में फ्रेंचाइजी चाहेगी कि एक दमदार टीम बनाई जाए।

# भारतीय रिकर्व पुरुष टीम ने एशियाई स्वर्ण पदक के 18 साल के इंतजार को किया खत्म

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने हाल के दिनों में अपना सबसे रोमांचक प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को दक्षिण कोरिया को एक बेहद करीबी शूट-ऑफ में हराकर 18 साल में पहली बार एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।


यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की तिकड़ी ने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सेओ मिंगी, किम येचन और जंग जिहो की कोरिया की दूसरी श्रेणी की टीम पर 5-4 से नाटकीय जीत दर्ज की और 2009 से इस प्रतियोगिता पर कोरिया के दबदबे को खत्म किया। दोनों टीमों ने शूट-ऑफ में 29 अंक बनाए लेकिन दो बार के ओलंपियन दास ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 10 अंक वाला निशाना साधा जो कोरिया के तीरंदाज के निशाने के मुकाबले केंद्र से अधिक करीब था।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जल्दी बाहर होने वाले दास के दबाव में शानदार खेले भारत ने 2007 के बाद से एशियाई चैंपियनशिप पुरुष टीम में पहला स्वर्ण पदक जीता। इस परिणाम के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या चार स्वर्ण और दो रजत हो गई। कंपाउंड टीम ने बृहस्पतिवार को तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए थे। भारत के कंपाउंड तीरंदाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है जिसमें ज्योति सुरेखा वेन्नम ने टीम और व्यक्तिगत दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर यादगार दोहरा प्रदर्शन किया।

यह रिकर्व पुरुष टीम के कोच राहुल बनर्जी के लिए बेहद भावुक क्षण था जो 2007 की चैंपियन टीम के सदस्य थे। तब स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में उनके साथ मंगल सिंह चंपिया और जयंत तालुकदार भी थे। खिलाड़ी के तौर पर चैंपियन बनने के अठारह साल बाद 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने दूसरी जीत हासिल की। उन्होंने कहा, 'एक कोच के तौर पर यह वाकई संतोषजनक है क्योंकि हमने कोरिया को हराया। मैं और अतनु कल रात इस बारे में चर्चा कर रहे थे कि हमने लंबे समय से कोई स्वर्ण पदक नहीं जीता था और आखिरकार यह बात पूरी हो गई। अगला लक्ष्य निश्चित रूप से एशियाई खेल हैं।'

कोरिया भले ही अपने दिग्गज ओलंपिक चैंपियन किम वूजिन के बिना आया हो, लेकिन टीम में बेहतरीन प्रतिभाएं मौजूद हैं। सेओ मिंगी राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहे, 20 वर्षीय किम येचन चेंगदू विश्वविद्यालय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हैं। इस तिकड़ी में प्रतिभाशाली जंग जिहो भी शामिल है। बनर्जी ने कहा, 'वे उनके शीर्ष तीन तीरंदाज नहीं हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप के बाद उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल लिया और ये चुने गए। जहां तक मेरी जानकारी है वे उनके शीर्ष क्रम में चौथे, पांचवें और छठे नंबर के तीरंदाज हैं।'

फाइनल मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरा रहा। कोरिया ने पहले सेट में आठ के एक निशाने के बाद 56 अंकों से शुरुआत की और भारत ने उसे माकुल जवाब दिया। भारत दूसरे सेट में एक निशाना सात अंक का लगाने के बावजूद 56 अंक बनाकर फिर से कोरिया की बराबरी करने में सफल रहा। कोरिया ने तीसरे सेट में कोरिया ने 57 अंकों के साथ बढ़त हासिल की लेकिन भारत ने चौथे सेट में लगातार 10 अंकों



वाले निशाने से शुरुआत कर दबाव बना लिया। टीम इस सेट को 57-53 से जीतने में सफल रही। स्कोर 4-4 से बराबर होने के बाद मुकाबला शूट ऑफ में गया जहां टीम ने शानदार निशाने के साथ पिछले दो दशक के खिताबी सूखे को खत्म किया।

# न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केकेआर के गेंदबाजी कोच बने

कोलकाता - कोलकाता नाइट राइडर्स ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के आगामी सत्र के लिए न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर टिम साउथी को टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। साउथी ने 107 टेस्ट मैचों, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और 776 विकेट लिए हैं। साउथी अपने खेल करियर के दौरान IPL में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (2021, 2022, 2023) का हिस्सा रहे हैं। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने कहा, 'KKR मुझे हमेशा घर जैसा लगा है और इस नयी भूमिका में वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस फ्रैंचाइज़ी की संस्कृति अद्भुत है, प्रशंसक जुनूनी हैं और खिलाड़ियों का एक बेहतरीन समूह है। मैं गेंदबाजों के साथ मिलकर काम करने और IPL 2026 में टीम को सफलता दिलाने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।' कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा, 'हमें कोच के तौर पर टिम साउथी का केकेआर परिवार में स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। टिम का अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता हमारी गेंदबाजी इकाई को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके नेतृत्व कौशल और शांतचित्त रवैया उन्हें हमारे युवा गेंदबाजों के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक बनाते हैं।'



## पाइन लैब्स का शेयर 242 रुपए प्रति शेयर के भाव पर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी पाइन लैब्स का शेयर शुक्रवार को बीएसई और एनएसई दोनों पर 242 रुपए प्रति शेयर के भाव पर सूचीबद्ध हुआ, जो कि निर्गम मूल्य 221 रुपए के मुकाबले 9.5 फीसदी अधिक है। सूचीबद्ध होने के तुरंत बाद शेयर ने तेजी जारी रखी और एनएसई पर 275 रुपए तथा बीएसई पर 274.85 रुपए तक पहुंच गया, जो क्रमशः 24.43 फीसदी और 24.36 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। पाइन लैब्स का आईपीओ 2,080 करोड़ रुपए का था, जिसमें नए शेयरों के साथ 8.23 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री शामिल थी। कंपनी के शेयरों के निर्गम मूल्य का दायरा 210-221 रुपए तय किया गया था। अंतिम दिन आईपीओ को 2.46 गुना अभिदान मिला। शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन एनएसई पर 31,118.29 करोड़ और बीएसई पर 31,095.32 करोड़ रुपए रहा।

## मुथूट फाइनेंस का मुनाफा 87 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली** गोल्ड लोन कंपनी मुथूट फाइनेंस का मुनाफा सितंबर 2025 तिमाही में 2,345 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 1,251.1 करोड़ रुपये से 87 फीसदी अधिक है। कुल आय बढ़कर 6,461 करोड़ रुपये और ब्याज आय 6,304 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी का कुल खर्च 3,309 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 37 फीसदी अधिक है।

## पिंपरी चिंचवाड़ में सरकारी जमीन की अवैध बिक्री, अधिकारी निलंबित

### 15 एकड़ पशुपालन विभाग की भूमि 33 करोड़ में बेची गई

**पुणे** पुणे जिले के पिंपरी चिंचवाड़ में पशुपालन विभाग की 15 एकड़ सरकारी जमीन कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन कर बेची गई। तथावडे क्षेत्र में यह भूखंड गैर-हस्तांतरणीय श्रेणी में होने के बावजूद 33 करोड़ रुपये में बिक्री के लिए पंजीकृत किया गया। राज्य सरकार की पूर्व अनुमति के बिना सरकारी संपत्ति की बिक्री अवैध है। इस मामले में महानिरीक्षक पंजीकरण (आईजीआर) ने हवेली नंबर 17 के वरिष्ठ लिपिक एवं प्रभारी उप-रजिस्ट्रार विद्या शंकर बाडे (सांगले) को निलंबित कर दिया। पंजीकरण और स्टांप के उप महानिरीक्षक तथा जिला रजिस्ट्रार द्वारा की गई संयुक्त जांच में पाया गया कि बाडे ने स्पष्ट प्रतिबंधों के बावजूद बिक्री विलेख पंजीकृत किया। आईजीआर ने उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह लापरवाही व्यक्तिगत थी या प्रणालीगत दोष भी शामिल थे।

## एलिटकॉन के शेयर ने निवेशकों की बदली किस्मत

**मुंबई** एफएमसीजी कंपनी एलिटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने निवेशकों की किस्मत बदल दी है। कंपनी के शेयर की कीमत 1 रुपए से बढ़कर 145.70 रुपए तक पहुंच गई। पिछले एक साल में यह स्टॉक लगभग 11,000 फीसदी का रिटर्न दे चुका है। अगर किसी निवेशक ने 1 साल पहले 1 लाख रुपए लगाए होते, तो वर्तमान में उनकी राशि 1.1 करोड़ रुपए से अधिक हो चुकी होती। पनी ने 1 रुपए फेस वैल्यू वाले शेयर पर अंतरिम डिविडेंड की घोषणा की है।

## इंफोसिस का 18,000 करोड़ का सबसे बड़ा बायबैक शुरू

### बायबैक का 15 फीसद हिस्सा छोटे निवेशकों के लिए आरक्षित

**मुंबई** आईटी दिग्गज इंफोसिस का 18,000 करोड़ रुपए का बायबैक शुक्रवार से शुरू हो गया है। रिकॉर्ड डेट के अनुसार जिन निवेशकों के पास आज के अंत तक इंफोसिस के शेयर होंगे, वही इस बायबैक में हिस्सा ले पाएंगे। टी-प्लस1 सेटलमेंट नियम के कारण, शेयर खरीदने का अंतिम दिन 13 नवंबर था। कंपनी इस बायबैक को टेंडर ऑफर रूट के तहत कर रही है। बायबैक प्राइस 1,800 रुपए प्रति शेयर तय की गई है, जो हालिया बाजार भाव से लगभग 18 फीसदी प्रीमियम पर है। बायबैक के तहत कंपनी 10 करोड़ शेयर वापस खरीदेगी, जो कुल इक्विटी का 2.41 फीसदी है। इस बायबैक का 15 फीसद हिस्सा छोटे निवेशकों के लिए आरक्षित है।

# भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर कर रहा बातचीतः गोयल

### समझौतों से भारतीय वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के प्रवाह को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा



**नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कई अन्य देश भी भारत के साथ व्यापार समझौते की इच्छुक हैं। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते लागू कर चुका है।

उनका कहना है कि इन समझौतों से भारतीय वस्तुओं, सेवाओं और पूंजी के प्रवाह को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने बताया कि आईटीपीओ के माध्यम से 'आंध्र मंडपम' को नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' जैसी वैश्विक पहचान वाला कन्वेंशन सेंटर बनाने की योजना है। इसके लिए राज्य सरकार के साथ सहयोग को भी प्राथमिकता दी जाएगी। गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 42,000 अनुपालनों और 1,500 पुराने कानूनों को समाप्त कर व्यापार को आसान बनाया है। उनका मानना है कि इससे निवेश और व्यापार दोनों में सुगमता आएगी और वैश्विक व्यापार बाधाओं में कमी आएगी।

## अदाणी समूह आंध्र प्रदेश में 1 लाख करोड़ निवेश करेगाः करण अदाणी

### निवेश मुख्यतः बंदरगाह, सीमेंट, डेटा सेंटर, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में होगा

**विशाखापत्तनम** आंध्र प्रदेश निवेशक शिखर सम्मेलन में अदाणी समूह के करण अदाणी ने घोषणा की कि अगले दस वर्षों में समूह राज्य में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश पहले से किए गए 40,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त होगा। निवेश मुख्यतः बंदरगाह, सीमेंट, डेटा सेंटर, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में होगा। समूह ने 15 अरब डॉलर की 'विजाग टेक पार्क' योजना का भी खुलासा किया। इसमें गूगल के साथ साझेदारी में दुनिया के सबसे बड़े हरित-संचालित हाइपरस्केल डेटा सेंटर इकोसिस्टम का निर्माण शामिल है। करण अदाणी ने बताया कि वर्तमान परियोजनाओं से 1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा हुई हैं और आगामी परियोजनाओं से और रोजगार सृजन की योजना है।

## भारतीय कंपनियां डेटा सेंटर क्षमता में कर रही हैं निवेश



**मुंबई** भारत में 50 प्रतिशत से ज्यादा कंपनियों का मानना है कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) वर्कलोड आने वाले तीन से पांच वर्षों में 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकता है। इसके लिए अगले 12 महीनों में नई डेटा सेंटर क्षमता में निवेश कर रही हैं। नेटवर्किंग उपकरण बनाने वाली कंपनी सिस्को की ओर से बताया गया कि 91 प्रतिशत भारतीय कंपनियां अपने सिस्टम में ऑटोनॉमस एआई एजेंट्स की तैनाती कर रही हैं और केवल 37 प्रतिशत ही उस पूरी तरह से सुरक्षित रख पाने में सक्षम हैं। सिस्को ने रिपोर्ट में कहा कि 97 प्रतिशत ग्लोबल पेससेटर्स ने यूस केस को अनलॉक करने और अधिक रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) प्राप्त करने के लिए एआई का उपयोग किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, वे नेटवर्क-फर्स्ट नींव का निर्माण करते हैं, पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता देते हैं, निरंतर अनुकूलन करते हैं और पहले दिन से ही सुरक्षा का ध्यान रखते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कर्मचारियों के लिए भी वर्कप्लेस में उनके काम करने के तरीकों को बदलने को लेकर एक अहम फैक्टर बना है। एक ताजा स्टडी बताती है कि 71 प्रतिशत कर्मचारी एआई का इस्तेमाल करियर को प्लान करने और प्रॉब्लम को सॉल्व करने के लिए करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 75 प्रतिशत कर्मचारियों ने माइक्रो-रिटायरमेंट, मूनलाइटिंग, फ्लेक्सिबल शेड्यूल और बेयर-मिनिमम मंडे जैसे कम से कम एक नए वर्कप्लेयर बिहेवियर को अपनाना शुरू कर दिया है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 84 अंक, निफ्टी 30 अंक ऊपर आये

**मुम्बई**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ।

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन एशियाई बाजारों में व्यापक कमजोरी और वैशिक संकेतों की गिरावट से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 84 अंक की बढ़त के साथ आज 84,478.67 अंकों के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 30 अंक बढ़कर 25,910.05 अंकों के स्तर पर बंद हुआ।वहीं मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव आता रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 18 अंक की बढ़त के साथ 17,299.70 अंक पर बंद हुआ।




आज कारोबार के दौरान सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में मुथूट फाइनेंस, जूबिलेंट फूड और भारत डायनमिक्स , के अलावा वोडाफोन-आइडिया के शेयरों में भी बढ़त रही। वहीं सुप्रीम इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एस्ट्रल लिमिटेड और आयशर मोटर्स गिरावट के साथ नीचे आये।

वहीं इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 400 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ 84,060 पर खुला। खुलने के तुरंत बाद ही यह 84,316 तक लुढ़क कर 253.68 अंक की कमजोरी के साथ 84,224.99 पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह एनएसई निफ्टी-50 भी कमजोरी के साथ 25,767.90 पर खुला।

शुरुआती गिरावट के बाद इंडेक्स में हल्की रिकवरी दिखने के बाद 20.90 अंक गिरकर 25,858.25 पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक स्तर पर, वॉल स्ट्रीट गुरुवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। टेक्नोलॉजी और एआई से जुड़े शेयरों में तेज बिकवाली ने बाजार पर दबाव बढ़ाया, जबकि फेडरल रिज़र्व की संभावित ब्याज दर कटौती को लेकर बनी अनिश्चितता ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई।

एशियाई बाजारों पर भी इसका गहरा असर दिखा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.5 फीसदी टूट गया, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.03 फीसदी गिरा और हांगकांग का हैंग सेंग 1.23 फीसदी कमजोर हुआ।

# भारतीय शेयर बाजार उभरते देशों से पिछड़ा, रुपए में स्थिरता की उम्मीदः रिपोर्ट

### अगले साल चालू खाता घाटा 20 साल के निचले स्तर पर आने का अनुमान

**नई दिल्ली**

जेफरीज के एक प्रसिद्ध बाजार विशेषज्ञ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में भारतीय शेयर बाजार उभरते देशों की तुलना में काफी कमजोर प्रदर्शन करता दिखा है। उन्होंने बताया कि भारत का बाजार इस साल एमएससीआई उभरते बाजार इंडेक्स से 27 फीसदी पीछे रहा। इसके बावजूद, घरेलू निवेशकों की लगातार खरीदारी ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचाए रखा है। रिपोर्ट के अनुसार रुपये ने इस साल अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं के मुकाबले सबसे ज्यादा कमजोरी दिखाई, लेकिन आगे चलकर इसमें स्थिरता आने की संभावना है। उनका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का चालू खाता घाटा जीडीपी के मात्र 0.5 फीसदी तक सिमट सकता है, जो पिछले दो दशकों में सबसे कम होगा। साथ ही, देश का 690 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार करीब 11 महीनों के आयात को कवर करने में सक्षम है, जिससे रुपये को सपोर्ट मिलता है। हालांकि, रिपोर्ट में एक बड़े जोखिम की चेतावनी भी दी गई है। उनके अनुसार कई राज्य सरकारें हाल के वर्षों में चुनावी लाभ के लिए मुफ्त योजनाएं और रियायतें बढ़ाती जा रही हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति कमजोर होती दिख रही है। जबकि केंद्र सरकार की वित्तीय स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, राज्यों की बढ़ती पॉपुलिस्ट नीतियां दीर्घकालिक आर्थिक संतुलन पर दबाव डाल सकती हैं। रिपोर्ट में सरकार द्वारा ब्याज दरों में कमी, क्रेडिट में वृद्धि और 22 सितंबर से जीएसटी में कटौती जैसे कदमों का भी जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन उपायों का वास्तविक असर आने वाले महीनों में दिखेगा।



## अपैरल ग्रुप ने रियल एस्टेट और रिटेल क्षेत्र में किया विस्तार

### दिसंबर 2025 तक कंपनी दुबई में अपना दूसरा विकास कार्य शुरू करेगी

**दुबई** परिधान खुदरा और एफएंडबी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी अपैरल ग्रुप ने रियल एस्टेट क्षेत्र में कदम रखा है। इसके तहत कंपनी की सहायक कोरा प्रॉपर्टीज ने दुबई मैरीटाइम सिटी में 40 मंजिला वाटरफ्रंट आवासीय परियोजना आईएल वेंटो पेश की है। इस परियोजना के 2029 तक पूरा होने की संभावना है। अपैरल ग्रुप ने कहा कि उनका उद्देश्य ऐसे आवासीय स्थल तैयार करना है जो जीवन जीने की उमंग उत्पन्न करें। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के बाद दिसंबर 2025 तक कंपनी दुबई में अपना दूसरा विकास कार्य शुरू करेगी, जिसमें वाणिज्यिक और अर्ध-वाणिज्यिक टावर शामिल होंगे। इसके अलावा, समूह भारत और अन्य उभरते बाजारों में शॉपिंग मॉल में निवेश करने की योजना बना रहा है। वेद का मानना है कि इन बाजारों में अब भी काफी संभावनाएँ हैं और साझेदारी के माध्यम से स्थानीय विशेषज्ञता का लाभ उठाना प्राथमिकता होगी। अपैरल ग्रुप ने फ्रांस की खुदरा कंपनी कैरेफोर के साथ साझेदारी की है। शुरुआत में उत्तर भारत में कैरेफोर का विशेष ब्रांड पेश किया जाएगा, जिसके बाद पूरे देश में विस्तार होगा। पहला स्टोर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में खुलने की उम्मीद है।

# सरकार ने 14 वस्तुओं पर गुणवत्ता नियंत्रण आदेश वापस लिए

### उद्योग को मिलेगा सस्ता कच्चा माल!

**नई दिल्ली**

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर केंद्र सरकार ने प्लास्टिक, पॉलिमर, सिंथेटिक फाइबर और धागों सहित 14 वस्तुओं पर लागू गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) वापस ले लिए हैं। सरकार का कहना है कि यह फैसला उद्योगों पर बढ़ते अनुपालन बोझ को कम करेगा और विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल की उपलब्धता आसान बनाएगा। रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से परामर्श के बाद इन आदेशों को जनहित में रद्द किया गया है। यह आदेश 12 नवंबर से प्रभावी हो गया है। अब 100 फीसद पॉलिएस्टर स्पन यार्न, पॉलिएस्टर इंडस्ट्रियल यार्न, **विस्कॉस स्टेपल फाइबर, पॉलीकार्बोनेट, पॉलीयूरीथेन समेत कई इनपुट सामग्री के आयात और घरेलू बिक्री के लिए बीआईएस प्रमाणन की जरूरत नहीं होगी। समिति की पिछले महीने प्रस्तुत आंतरिक रिपोर्ट में उद्योगों द्वारा उठाई गई चिंताओं को रेखांकित करते हुए 200 से अधिक उत्पादों पर क्यूसीओ को रद्द या स्थगित करने की अनुशंसा की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि क्यूसीओ के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही थी और घरेलू कताई, बुनाई एवं परिधान उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चा माल हासिल नहीं कर पा रहे थे।



# लोटस बेकरीज ने भारत में लॉन्च की 'बिस्कॉफ कुकी'

### कंपनी मोंडेलेज के साथ साझेदारी में बढ़ाएगी बाजार विस्तार

**नई दिल्ली**

बेल्जियम की बहुराष्ट्रीय स्नैक फूड कंपनी लोटस बेकरीज ने भारत में अपनी प्रसिद्ध 'बिस्कॉफ कुकी' पेश किया है। इस लॉन्च के लिए कंपनी ने मोंडेलेज के साथ साझेदारी की है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत आने वाले वर्षों में बिस्कॉफ के लिए शीर्ष तीन-चार बाजारों में शामिल हो सकता है। उन्होंने बताया कि बिस्कॉफ वर्तमान में दुनिया के 80 से अधिक देशों में बेची जाती है। बिस्कॉफ का सबसे बड़ा बाजार अमेरिका है, उसके बाद ब्रिटेन और फ्रांस का स्थान आता है। अधिकारी ने कहा कि कंपनी की महत्वाकांक्षा है कि बिस्कॉफ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी कुकी ब्रांड बने, मोंडेलेज के ओरियो और चिप्स अहोय! के बाद। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की भागीदारी वैश्विक ब्रांड बनने के लिए अनिवार्य है। अधिकारी ने स्वीकार किया कि भारत में खुदरा और वितरण प्रणाली जटिल है, इसलिए कंपनी अकेले बाजार पर विजय प्राप्त नहीं कर सकती। इसीलिए एक मजबूत स्थानीय साझेदार मोंडेलेज का समर्थन जरूरी था। मोंडेलेज भारत में बिस्कॉफ के लिए ओरियो जैसी रणनीति अपनाएगी। इसका मतलब है कि उत्पाद पारंपरिक और आधुनिक व्यापार दोनों में उपलब्ध होंगे, साथ ही ई-कॉमर्स चैनलों पर भी बिक्री की जाएगी। पैकिंग में बड़े पैक के साथ-साथ छोटे और किफायती पैक (10 रुपए से शुरू) भी शामिल होंगे।




## अक्टूबर में महंगाई दर में कमी, आरबीआई कर सकता हैं ब्याजदरों में कटौती

**नई दिल्ली**




देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने कहा कि अक्टूबर में महंगाई दर में कमी के चलते केंद्रीय बैंक फिर से दिसंबर की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। खुदरा महंगाई दर अक्टूबर में रिकॉर्ड 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो कि सितंबर में 1.44 प्रतिशत थी।

यह मौजूदा सीपीआई सीरीज में दर्ज की गई अब की सबसे कम महंगाई दर है।

एक रिपोर्ट में बताया गया कि उम्मीद से अधिक खाद्य महंगाई दर में कमी आने, बाकी बचे वर्ष में खाद्य उत्पादों की आपूर्ति मजबूत रहने, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम होने और जीएसटी का फायदा लोगों तक पहुंचने के कारण हमारा अनुमान है कि खुदरा महंगाई दर इस वित्त वर्ष में औसत 2.5 प्रतिशत पर रहेगी है, जो कि पिछले वर्ष के आंकड़े 4.6 प्रतिशत से कम है।

बताया गया हैं कि कई बड़ी कैटेगरी में जीएसटी का प्रभाव अक्टूबर में पूरी तरह से ट्रांसफर नहीं हुआ है, जिसका प्रभाव आने वाले समय में हमें नवंबर में देखने को मिलेगा।

खुदरा महंगाई दर नवंबर में वर्तमान में 0.9 प्रतिशत पर है, इसमें जीएसटी के प्रभाव के कारण और गिरावट आ सकती है। वित्त वर्ष 26 में मुख्य महंगाई दर अब 2 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है, जिसका सीधा अर्थ है कि आरबीआई के 2.6 प्रतिशत के अनुमान में 50 आधार अंकों की और गिरावट आएगी। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने खुदरा महंगाई दर के अनुमान को 2.6 प्रतिशत से और कम कर सकती है, जो खाद्य कीमतों में नरम क्रमिक गति के साथ-साथ सीपीआई बास्केट में कई वस्तुओं पर जीएसटी दर युक्तिकरण के प्रभाव को देखते हुए संभव है। उन्होंने आगे कहा कि इससे दिसंबर की मौद्रिक नीति में ब्याज दरों के और कम होने का रास्ता साफ हो गया है।

## सोने के भाव में 194 रुपए और चांदी में 555 रुपए की तेजी




### सोना 1.27 लाख के करीब, चांदी 1,62,851 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली**

घरेलू वायदा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी दोनों तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। शुरुआती हल्की सुस्ती के बाद दोनों बहुमूल्य धातुओं में खरीदारी बढ़ी है, जिससे भावों में मजबूती देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 3 रुपये की गिरावट के साथ 1,26,748 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था, जबकि पिछला बंद भाव 1,26,751 रुपये था। हालांकि बाद में तेजी लौटते हुए सोने का वायदा भाव 194 रुपये बढ़कर 1,26,945 रुपये पहुंच गया। कारोबार के दौरान इसने 1,27,048 रुपये का दिन का उच्च और 1,26,748 रुपये का दिन का निम्न स्तर छुआ। इस साल सोना 1,31,699 रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू चुका है। चांदी के वायदा भाव में भी मजबूती देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 381 रुपये की तेजी के साथ 1,62,851 रुपये प्रति किलो पर खुला, जो पिछले बंद 1,62,470 रुपये की तुलना में मजबूत शुरुआत रही। इसमें तेजी बढ़कर 555 रुपये तक पहुंच गई और यह 1,63,025 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान चांदी ने 1,63,333 रुपये का दिन का उच्च और 1,62,714 रुपये का दिन का निम्न स्तर बनाया। वर्ष 2024 में चांदी का उच्चतम स्तर 1,69,200 रुपये प्रति किलो दर्ज हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के वायदा भाव में तेजी का रुख रहा। कॉमेक्स पर सोना 4,174.90 डॉलर प्रति औंस पर खुला और बाद में 4,205.60 डॉलर पर पहुंच गया। चांदी के भाव भी 52.20 डॉलर से बढ़कर 53.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गए। दोनों धातुओं में वैश्विक स्तर पर बने सकारात्मक माहौल का असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दे रहा है।

# पहली बार रियल लाइफ बेस्ड किरदार प्ले करेंगी एक्ट्रेस कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी अपने करियर के सबसे रोमांचक मोड़ पर हैं। एक ओर वह हाल ही में मातृत्व सुख का अनुभव कर चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर उनके पास कई बड़े और महत्वाकांक्षी फिल्म प्रोजेक्ट्स की लाइन लगी हुई है। इनमें सबसे बड़ी और चर्चित घोषणा है उनकी मीना कुमारी की बायोपिक कमाल और मीना में मुख्य भूमिका। यह फिल्म न सिर्फ कियारा के अभिनय करियर का नया अध्याय खोलेगी, बल्कि मां बनने के बाद परदे पर उनके कमबैक को भी यादगार बनाएगी।
दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी और फिल्मकार कमाल अमरोही के जटिल रिश्ते पर आधारित इस फिल्म को लेकर लंबे समय से चर्चा थी कि मीना का रोल कौन निभाएगा, कियारा आडवाणी या कृति सेनन। अब आधिकारिक रूप से तय हो गया है कि यह चुनौतीपूर्ण किरदार कियारा के हिस्से में आया है। यह फिल्म मीना और कमाल के तूफानी रिश्ते की कहानी को बड़े परदे पर पेश करेगी। इस प्रोजेक्ट का निर्माण कमाल के पोते बिलाल अमरोही कर रहे हैं और निर्देशन हिचकी फेम सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा करेंगे। यह कियारा की पहली ऐसी फिल्म होगी, जिसमें वह किसी वास्तविक जीवन पर आधारित किरदार को परदे पर निभा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, डायरेक्टर सिद्धार्थ को कियारा में विंटेज बॉलीवुड चार्म और मीना कुमारी की भावनात्मक गहराई से जुड़ने की इमोशनल रेंज नजर आई, जिसके बाद यह फैसला किया गया। फिल्म की शूटिंग 2026 के पहले हिस्से में शुरू होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि वह अपनी भूमिका के लिए उर्दू उच्चारण और अंदाज पर भी काम करेंगी। फिलहाल कमाल के किरदार के लिए एक्टर की तलाश जारी है।

### मां बनने के बाद कियारा का है यह पहला बड़ा प्रोजेक्ट साबित होगा

मां बनने के बाद यह कियारा की पहली फिल्म होगी, जो उनके लिए एक नई यात्रा की शुरुआत मानी जा रही है। कमाल और मीना के जरिए वह एक बार फिर दर्शकों को अपने अभिनय की गहराई से रूबरू कराएंगी। यह बायोपिक न सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बनेगी, बल्कि यह भी दिखाएगी कि कियारा कितनी सहजता से ग्लैमरस भूमिकाओं से निकलकर भावनात्मक और क्लासिक किरदारों में ढल सकती हैं। कमाल और मीना के अलावा कियारा के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं इनमें सबसे चर्चित टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स है, जिसमें वह कन्नड़ सुपरस्टार यश के साथ नजर आएंगी।





# यामी और इमरान से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला

पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया रह चुकी वर्तिका सिंह ने कोर्टरूम ड्रामा फिल्म हक के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया है। किसी नए कलाकार के लिए पहला मौका खास होने के साथ ही और चुनौतीपूर्ण भी होता है, लेकिन वर्तिका ने बताया कि उन्हें फिल्म के सेट पर अपने किरदार को निभाने में कोई परेशानी नहीं हुई। इंटरव्यू में वर्तिका ने अपने को-स्टार्स, खासकर इमरान हाशमी की तारीफ की। उन्होंने बताया कि इमरान जमीन से जुड़े बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने कहा, मुझे इमरान हाशमी के साथ काम करने पर किसी तरह का स्टारडम का दबाव महसूस नहीं हुआ। वह हर किसी को समान महत्व देते हैं, जिससे नए कलाकारों को एक अलग आत्मविश्वास मिलता है। इमरान के समान रवैये से मुझे अपने किरदार को बेहतर ढंग से निभाने का मौका मिला। वह हर सीन में काफी सहज रहे। वर्तिका ने यामी गौतम के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा, यामी के ज्यादा सीन इमोशन्स से भरपूर थे, इसलिए सेट पर मजाक-मस्ती कम ही थी। उन्हें हर सीन से पहले अपने किरदार में डूबने के लिए उनके इमोशन्स से जुड़ना पड़ता था। यामी से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैंने उनसे छोटे-छोटे हाव-भाव और किरदार में गहराई बनाए रखने के तरीके सीखे। अपने किरदार साइरा को लेकर वर्तिका ने कहा, मैंने खुद को पूरी तरह अपने किरदार में डुबो दिया। मैंने साइरा की मानसिकता और भावनाओं को समझने के लिए कविताएं भी लिखीं। साथ ही उसके अतीत, पालन-पोषण और जीवन की परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए उसे पूरी तरह महसूस किया। मैंने इसके लिए नोट्स भी तैयार किए। फिल्म हक में इमरान हाशमी और यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी शाह बानो केस से प्रेरित है। इसमें यामी शाजिया नाम की महिला की भूमिका में हैं। कहानी में साइरा शाजिया के पति (इमरान हाशमी) के प्यार में पड़ जाती है और उससे दूसरी शादी कर लेती है, जिसके बाद कानूनी जंग शुरू होती है। इस फिल्म का निर्देशन सुपर्ण वर्मा ने किया है।


# मुझे कलाकार के तौर पर चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं

स्टार प्लस की महाभारत में मत्स्य रानी सत्यवती का रोल एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने किया था। उनके किरदार की तारीफ हर किसी ने की थी। अब एक्ट्रेस टीवी सीरियल जगद्धात्री में दिखने वाली हैं। उन्होंने सीरियल से जुड़े एक्सपीरियंस शेयर किए हैं। सीरियल जगद्धात्री जीटीवी पर आने वाला है। इसमें अपने किरदार माया देशमुख पर सायंतनी घोष ने बातचीत में कहा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल किरदार था। अभी तक मैंने कई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए हैं। लेकिन, यह सबसे अलग है। कलाकार के तौर पर मुझे चैलेंजिंग रोल ज्यादा पसंद हैं और इसी वजह से मैंने इस रोल को एक्सेप्ट किया। उन्होंने कहा कि माया देशमुख घर और बिजनेस दोनों संभाल रही हैं। मुझे लगता है कि असल जिंदगी में हर महिला का जीवन ऐसे संघर्ष से भरा रहता है। इसी वजह से माया के किरदार ने मुझे ज्यादा प्रभावित किया। हमें पहले लोगों की सोच बदलने की जरूरत है। लोगों को लगता है कि महिलाएं एक्शन नहीं कर सकतीं, लेकिन जगद्धात्री ऐसा शो है, जिसे महिला लीड कर रही है और पुरुषों की तरह एक्शन कर रही है। शो नारी की शक्ति का प्रतीक है। मुझे इस शो से बहुत सारी उम्मीदें हैं। मैं दर्शकों से इस सीरियल को बहुत सारा प्यार देने की रिक्वेस्ट करूंगी। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में आए बदलावों पर बात करते हुए कहा कि 20 साल में टेलीविजन इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आए हैं। मैं भी समय के साथ खुद को बदलती हूं। आजकल धैर्य की कमी देखी जा रही है। पहले शो सालों तक चलते थे। आज शो कुछ ही महीनों में खत्म हो जाते हैं। इतनी ज्यादा प्रतियोगिता है कि सीरियल की शेल्फ लाइफ कम हो गई है। इसमें बदलाव लाना चाहिए। सायंतनी घोष ने कहा कि मेरा सफर टीवी शो नागिन से शुरू हुआ था। मैंने महाभारत और नामकरण जैसे शोज किए हैं, जिनके लिए मुझे आज भी याद किया जाता है। लेकिन अब मैं कुछ अलग करना चाहती हूं और एक कलाकार होने के नाते आगे बढ़ना चाहती हूं। इसके लिए सीरियल जगद्धात्री बेस्ट है, क्योंकि ये अलग है।



# श्रिया पिलगांवकर ने खत्म की फिल्म हैवान की शूटिंग

श्रिया पिलगांवकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म निर्देशक प्रियदर्शन के साथ एक खास तस्वीर शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म हैवान में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। प्रियदर्शन के साथ श्रिया पिलगांवकर ने एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। यह तस्वीर फिल्म हैवान के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने। आगे श्रिया ने हैवान की पूरी टीम का धन्यवाद किया। आगे श्रिया ने फिल्म के स्टार्स को लेकर लिखा, सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी, सैयामी खेर और राजपाल यादव जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करना बेहद मजेदार रहा।



### फिल्म हैवान के बारे में

बॉलीवुड आगामी फिल्म हैवान में अक्षय कुमार और सैफ अली खान हैं, जो प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित है। यह 2016 की मलयालम फिल्म ओप्पम का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में श्रिया के अलावा सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी, सैयामी खेर और राजपाल यादव जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आएंगे।



# कबूतरबाजी संस्कृति पर आधारित होगी पूजा भट्ट की नई फिल्म, जितेंद्र कुमार नजर आएंगे

**पूजा भट्ट ने अपनी नई फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि यह फिल्म भारत की कबूतरबाजी संस्कृति पर आधारित होगी। इस फिल्म में उनके साथ पंचायत सीरीज के एक्टर पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर जितेंद्र कुमार के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा, दो दमदार कलाकार। एक गहरी कहानी। अपनी अगली फिल्म की घोषणा करते हुए बेहद खुश हूं। यह भारत की सदियों पुरानी कबूतरबाजी परंपरा, कबूतरबाजी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिल को छू लेने वाली कहानी है।**

### फिल्म की स्टार कास्ट

पूजा भट्ट की इस फिल्म में उनके साथ पंचायत सीरीज के जितेंद्र कुमार नजर आएंगे। इस फिल्म में पूजा भट्ट मां की भूमिका में नजर आएंगी, जबकि जितेंद्र उनके बेटे का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म के निर्माता ख्याति मदान और सह-निर्मिता हितेश केवले हैं। इस फिल्म को बिलाल हसन द्वारा लिखित और निर्देशित किया जाएगा।

### जितेंद्र कुमार का करियर

जितेंद्र कुमार को हाल ही में पंचायत सीरीज के तीसरे सीजन में देखा गया था। जितेंद्र को टीवीएफ पिचर्स में जीतू, कोटा फैक्ट्री में जीतू भैया और पंचायत में अभिषेक त्रिपाठी के किरदारों के लिए जाना जाता है। जितेंद्र ने शुभ मंगल ज्यादा सावधान, जादूगर और ड्राई डे शामिल हैं। अब वह पूजा भट्ट के साथ एक फिल्म में नजर आएंगे।

### किसकी बायोपिक करना चाहते हैं जितेंद्र

एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में जितेंद्र ने बताया था कि उन्हें क्रिकेट बहुत पसंद हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विराट कोहली की कहानी बेहद प्रेरणादायक लगती है। अगर कभी मौका मिला तो मैं जरूर उनकी बायोपिक करना चाहूंगा।'





# विदेशों में भारतीयों की घिसी-पिटी छवि बनी हुई है

**दीपिका पादुकोण ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने बिना किसी फिल्मी घराने से आने के बावजूद इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। आज उनकी गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। अब दीपिका अपनी शर्तों पर काम करती हैं। यही कारण है कि अपने आठ घंटे काम करने की मांग के चलते उनके हाथ से कई बड़ी फिल्में भी निकलीं, लेकिन उन्होंने खुद से समझौता नहीं किया। अब दीपिका ने अपने हॉलीवुड करियर को लेकर भी एक बड़ा बयान दिया है।**

दीपिका ने कहा कि वो हॉलीवुड में अपनी शर्तों पर काम करेंगी, न कि वैसा जैसी हमारी वहां छवि बनी हुई है। दीपिका ने कहा विदेशों में आज भी भारत को लेकर एक छवि है। साथ ही उन्होंने अपने साथ वहां हुए भेदभाव पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं भारत को दुनिया के सामने लाने को लेकर बहुत स्पष्ट थी, लेकिन जिस भारत को मैं जानती हूं, वह ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए हॉलीवुड में जाना और कुछ ऐसी चीजें करना जो हमसे उम्मीद की जाती हैं या जो ग्लोबल ऑडियंस के हिसाब से करना, कुछ ऐसा है जो मैं कभी नहीं करना चाहती थी। विदेशों में यात्रा के दौरान भी मैंने अक्सर देखा है कि वहां लोगों के मन में भारतीयों के बारे में वही पुरानी और घिसी-पिटी छवि है। चाहे वह कास्टिंग को लेकर हो, या हमारे बोलने के तरीके को लेकर हो या मेरी त्वचा के रंग को लेकर हो। यही कारण है कि हमें वहां टैलेंट को देखते हुए काम नहीं मिला, बल्कि घिसे-पिटे रोल दिए गए।
दीपिका ने कहा कि मैं बिल्कुल स्पष्ट थी कि मैं यह काम अपने तरीके से और अपनी शर्तों पर करूंगी। बेशक इसमें ज्यादा समय लगा। हाल ही में अपने एक इंटरनेशनल ब्रांड के अभियान को याद करते हुए दीपिका ने बात की, जब सनसेट बुलेवार्ड पर जगह-जगह उनके होर्डिंग लगे थे। अभिनेत्री ने कहा कि मैं उस समय लॉस एंजिल्स में थी। यह देखकर पहले मुझे अजीब लगा, लेकिन साथ ही मुझे गर्व भी हुआ। एक वैश्विक लक्जरी ब्रांड के होर्डिंग पर एक भूरे रंग का चेहरा देखकर अच्छा लगा। मैंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था और यह हर एक भारतीय महिला की जीत जैसा लगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण इन दिनों शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। साथ ही वो एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म को लेकर भी चर्चाओं में हैं।

### विन डीजल के साथ हॉलीवुड डेब्यू

दीपिका ने 2017 में विन डीजल के साथ 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' से हॉलीवुड में कदम रखा था। तब से दीपिका ने कई इंटरनेशनल ब्रांड साइन किए हैं और ग्लोबल मंच पर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि, उसके बाद से दीपिका किसी हॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in